हिन्दी दैनिक/डिजिटल

# स्टार एक्सप्रेस

सोच..... बदलते भारत की

www.starexpress.news



## संक्षिप्त समाचार

### कर्मचारियों के आगे झुकी कर्नाटक सरकार, सैलरी में 17 फीसदी की बढ़ोतरी का किया ऐलान

(एजेंसी) बेंगलुरु। कर्नाटक में अंतरिम राहत के तौर पर मूल वेतन में 17 फीसदी की वृद्धि किये जाने की सरकार की घोषणा के बाद सरकारी कर्मचारियों ने अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल वापस ले ली। इसके साथ ही पेंशन योजना के लिये सरकार ने एक समिति भी गठित की है। सरकारी कर्मचारी मूल वेतन में 40 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी तथा सातवें वेतन आयोग की सिफरिशों के अनुसार तनख्वाह की मांग कर रहे थे। नयी पेंशन योजना को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की कर्मियों की मांग पर सरकार ने कहा कि अतिरिक्त मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति इसकी व्यवहार्यता का अध्ययन करेगी।

### शहीद सैनिकों के परिजनों को जल्द उपलब्ध कराई जाएगी सहायता : राजस्थान के मंत्री

(एजेंसी) जयपुर। राजस्थान सैनिक कल्याण राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि विगत तीन वर्षों में राज्य के शहीद हुए सैनिकों के परिजनों को लंबित सहायता यथाशीघ्र उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य के शहीद सैनिकों के परिजनों की सहायता के लिए हर संभव आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंधमें पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे इससे पहले विधायक संदीप शर्मा के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में सैनिक कल्याण राज्यमंत्री ने कहा कि विगत तीन वर्षों में आतंकी घटनाओं, दुर्घटना एवं अन्य आपदाओं में राज्य के 34 सैनिक शहीद हुए हैं।

### कमलनाथ का ऐलान, सरकार बनने पर महिलाओं को देंगे डेढ़ हजार रुपए

(एजेंसी) भोपाल। मध्यप्रदेश में जल्द शुरु होने वाली लाड़ली बहना योजना के लिए आज बजट में आठ हजार करोड़ रुपए के प्रावधान की घोषणा के बाद कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि पार्टी की सरकार बनने की स्थिति में महिलाओं को डेढ़ हजार रुपए दिए जाएंगे। श्री कमलनाथ ने विधानसभा परिसर में संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को डेढ़ हजार रुपए दिए जाएंगे। प्रदेश में जल्द ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की महत्वाकांक्षी योजना लाड़ली बहना योजना शुरु होने वाली है। इसके तहत पात्र महिलाओं के खाते में प्रति माह एक हजार रुपए डाले जाएंगे।

### गुरुग्राम में जी20 गमले चुराने के आरोप में एक गिरफ्तार

(एजेंसी) चंडीगढ़। गुरुग्राम में शंकर चौक पर जी20 की बैठक को लेकर सजावट के लिए रखे गये गमले चुराने के आरोप में 50 वर्षीय व्यक्ति को बुधवार को गिरफ्तार किया गया। गुरुग्राम एनएच-48 पर सजावट के लिए रखे गए फूलों के गमलों को चोरी करने वाले आरोपी मनमोहन को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा चोरी किए गमले और चोरी में प्रयोग गाड़ी बरामद की जा चुकी है। गुरुग्राम में जी20 आयोजन को लेकर शंकर चौक पर सजावट के लिए रखे गये गमले दिनदहाड़े दो लोगों द्वारा लेकर कार में रखने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था।

# योगी के नाम हुआ एक अद्वितीय रिकॉर्ड

## यूपी में लगातार सबसे लंबे समय तक सीएम रहने का रचा कीर्तिमान

- योगी का बजट पर जवाब, आपने यूपी को बीमारू प्रदेश बनाया...
- हम इसे देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे

(संवाददाता)

लखनऊ । देश की वर्तमान राजनीति में तेजतर्रार राजनेता, कुशल प्रशासक और दमदार छवि वाले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक अद्वितीय रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री के पद पर सबसे ज्यादा समय तक रहने का कीर्तिमान अपने नाम कर लिया है। उनसे पहले कांग्रेस के मुख्यमंत्री डॉक्टर संपूर्णानन्द इस पद पर सबसे ज्यादा समय तक रहे हैं। वहीं क्षेत्रीय पार्टियों के नेता स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह, स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव, मायावती और अखिलेश यादव सीएम योगीके आस-पास भी नहीं दिखाई पड़ते। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी की गिनती उन नेताओं में होती है जिनके नेतृत्व में प्रदेश में किसी पार्टी की दूसरी बार सरकार बनी है। उनसे पहले नारायण दत्त तिवारी थे जिनके नेतृत्व में प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की दोबारा सरकार बनी थी। 25 मार्च 2022 को जब योगी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली तो उन्होंने नारायण दत्त तिवारी का 37 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा था। उन्होंने वर्ष 1985 में अविभाजित उत्तर प्रदेश में दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। वहीं उत्तराखंड बनने के बाद देखा जाए तो योगी प्रदेश के पहले सीएम हैं, जो लगातार दूसरी बार सत्ता पर काबिज हुए हैं। योगी के चेहरे पर 2022 के विधानसभा चुनाव में उतरी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) 255 सीटें जीतने में सफल रही थी। वहीं इससे पहले 2017 में बीजेपी को 312 सीटें प्राप्त हुई थी। इस तरह बीजेपी यूपी में पहली पार्टी बन गई जिसे दो बार दो तिहाई से ज्यादा बहुमत मिला। इन तमाम बातों के साथ ही योगी मिथक तोड़ने वाले सीएम भी हैं। पहले यह कहा जाता था कि जो सीएम नोएडा जाता है उसकी कुर्सी चली जाती है। इस डर से कोई मुख्यमंत्री नोएडा नहीं जाता था।

योगी सीएम बनने के बाद लगभग 6 वर्ष में 25 बार से ज्यादा बार नोएडा गए, बावजूद इसके उन्होंने दोबारा सीएम पद की शपथ ली। सीएम योगी ने वित्तवर्ष 2023-24 के लिए पेश किए गए बजट के आकार पर कहा कि यह बजट पिछले छह साल में प्रदेश की अर्थव्यवस्था




में हुए विकास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले बजट का आकार तीन लाख 40 हजार करोड़ था जबकि इस बार हमने 6 लाख 90 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से छ वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश मे जनता जनार्दन ने सबका साथ,सबका विश्वास के मुलमंत्र को अंगीकार करके सत्ता परिवर्ततन किया। 2017 से 2022 तक सरकार ने कार्य किया, 2022 मे फिर अवसर मिला ,वित्त मंत्री ने सर्व समावेशी समग्र विकास की अवधारण आत्मनिर्भर बजट पेश किया।

# 'देश के सुनियोजित शहर ही भारत के भाग्य को निर्धारित करेंगे : मोदी

(एजेंसी)

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को आजादी के अमृत काल में विकसित देश बनाने के लक्ष्य की दिशा में शहरी नियोजन और शहरी विकास के योगदान को अति महत्वपूर्ण बताते हुए बुधवार को कहा कि 'सुनियोजित शहर ही भारत के भाग्य को निर्धारित करेंगे। मोदी ने शहरी नियोजन में बच्चों के खेलने कूदने और शहरी लोगों के खुद के विकास के अवसर का विशेष रूप से ध्यान रखे जाने का बल दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में शहरी विकास के आज दो प्रमुख पक्ष है-



'नए शहरों का विकास और पुराने शहरों में पुरानी व्यवस्थाओं का आधुनिकीकरण। वह बजट-उपरांत वेबीनार की श्रृंखला की आज की कड़ी को संबोधित कर रहे थे। इसका आयोजन शहरी मामलों के मंत्रालय के तत्वावधान में किया गया था। पीएम मोदी ने कहा, 'अमृत काल में सुनियोजित शहर ही भारत के के भाग्य को निर्धारित करेंगे। इस बार के बजट में शहरी नियोजन के मानकों के प्रोत्साहन के लिए 15000 करोंड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इससे इस क्षेत्र में गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि 'समुचित शहरी नियोजन और संचालन बहुत मत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नियोजित परियोजनाओं के क्रियान्वयन में कमी या खराबी हमारी विकास यात्रा में बहुत बड़ी समस्या बन सकते हैं। प्रधानमंत्री ने इस क्षेत्र में कंपनी जगत और स्टार्टअप के लिए काम करने के 'अपार अवसर की ओर संकेत करते हुए कहा, 'अब 21वीं सदी में भारत जिस तरह तेज गति से विकास कर रहा है आने वाले समय में अनेकों नए शहर भारत की अनिवार्यता होने वाले हैं। मोदी ने कहा कि आजादी के बाद 75 वर्षों में हमने 75 नए शहर विकसित कर लिए होते तो आज भारत की तस्वीर कुछ और होती, पर दुर्भाग्य से इस दौरान ऐसे कुछ इक्का-दुक्का शहरों का ही विकास किया जा सका है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का हर बजट अब इस ओर ध्यान देता रहा है इस बार के बजट में शहरीकरण के सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। मोदी ने कहा कि सरकार शहरी नियोजन और विकास के तीन मुख्य क्षेत्रों पर ध्यान दे रही है जिनमें राज्यों में शहरी नियोजन के पारिस्थिकी तंत्र को मजबूत करना, निजी क्षेत्र में उपलब्ध विशेषज्ञता का शहरी नियोजन में सही इस्तेमाल, और ऐसे सेंटर ऑफ एक्सेलेंस (उत्कृष्टता केंद्रों) का विकास जो शहरी नियोजन को एक नए स्तर पर ले जाएं। उन्होंने कहा कि नए शहरों के नियोजन में में बच्चों के लिए खेलने-कूदने और साइकिल चलाने के लिए समुचित सुविधाओं के साथ साथ नगर-निवासियों के लिए खुद के विकास के पर्याप्त अवसरों को भी ध्यान में रखना होगा। उन्होंने कहा, 'जब नियोजन बेहतर होगा तो हमारे शहर जलवायु परिवर्तन का शमन-दमन करने में समर्थ होंगे और उनकी जल-सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकेगी। वेबीनार के उद्घाटन में प्रधानमंत्री यह भी कहा कि आज भारत सकुर्लर इकॉनॉमी (पुनर्चक्रण पर आधारित अर्थव्यवस्था) को शहरी विकास का बड़ा आधार बना रही है। उन्होंने शहरी कचरे के पुर्नचक्रण और आर्थिक उपयोग के बारे में अपनी सरकार के प्रयासों और उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि 2014 में शहरी कचरे का केवल 14-15 प्रतिशत ही पुनर्चक्रित किया जाता था जो आज 75 प्रतिशत तक पहुंच गया है। उन्होंने 'ऐसा पहले ही सोच लिया गया होता तो आज शहरों के बाहर सड़कों के किनारे कचरे के पहाड़ नजर नहीं आते। उन्होंने कहा कि फिर भी अब कचरे के पहाड़ को साफकरने और उसका आर्थिक उपयोग करने का काम चल रहा है। उन्होंने शहरी कचरे में बैटरी, बिजली के सामान और अन्य औद्योगिक कचरे से लेकर कम्पोस्ट खाद बनाने लायक कचरा होने की बात का उल्लेख करते हुए कहा कि इनकी प्रोसेसिंग उद्योगों के लिए काम का बड़ा अपार अवसर उत्पन्न करने वाला है। इस क्षेत्र में कई स्टार्टअप अच्छा काम कर रहे हैं उन्हें समर्थन देना चाहिए।

# सिसोदिया की गिरफतारी के बाद केजरीवाल ने बुलाई आप के विधायकों और एमसीडी पार्षदों की बैठक

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हालिया घटनाक्रमों के मद्देनजर आम आदमी पार्टी (आप) की भावी रणनीति पर चर्चा करने के लिए बुधवार को पार्टी के विधायकों और एमसीडी पार्षदों की बैठक बुलाई है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार 'आपश् के दो मंत्रियों-मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के इस्तीफा देने के एक दिन बाद बुलाई गई यह बैठक मुख्यमंत्री के आवास पर होगी। एक सूत्र ने का कि बैठक के दौरान इस बात पर चर्चा होने की संभावना है कि पिछले कुछ दिनों में हुए घटनाक्रमों के बाद पार्टी की रणनीति क्या रहेगी। दिल्ली



सरकार के कुल 33 में से 18 विभाग संभाल रहे सिसोदिया को जहां दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा बीते रविवार को गिरफ्तार किया गया था। वहीं, मौजूदा समय में तिहाड़ जेल में बंद जैन को प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले साल मई में धनशोधन से जुड़े एक मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। हालांकि, जैन बिना किसी विभाग के दिल्ली सरकार में मंत्री पद पर बने हुए थे। सूत्रों ने कहा कि दोनों इस्तीफे 28 फरवरी को दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना को स्वीकृति के लिए भेज दिए गए थे।

### सिसोदिया, जैन के बाद अब केजरीवाल के इस्तीफे की मांग, कांग्रेस ने 'आप कार्यालय के निकट किया विरोध प्रदर्शन

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस की दिल्ली इकाई ने बुधवार को शहर में आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यालय के बाहर धरना दिया और सीबीआई द्वारा उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अनिल चौधरी के नेतृत्व में पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता दीनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग पर 'आप के कार्यालय के पास एकत्र हुए और केजरीवाल व सिसोदिया के खिलाफ नारेबाजी की। पार्टी ने कहा कि जब तक अरविंद केजरीवाल सत्ता में रहेंगे तब तक निष्पक्ष जांच संभव नहीं होगी। चौधरी ने कहा कि पूरी दिल्ली सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। जब तक केजरीवाल सत्ता में रहेंगे, आबकारी घोटाले की स्वतंत्र जांच नहीं होगी, इसलिए उन्हें भी इस्तीफा दे देना चाहिए। दिल्ली के मंत्रियों सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच मंगलवार को मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया।

# एस. जयशंकर ने की रूस के विदेश मंत्री सर्जेई लावरोव के साथ बैठक

(एजेंसी)

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री सर्जेई लावरोव के साथ द्विपक्षीय सहयोग, यूक्रेन सहयोग और जी-20 से जुड़े मुद्दों पर व्यापक बातचीत की। रूस के विदेश मंत्री जी-20 के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक में शामिल होने के लिए मंगलवार रात यहां पहुंचे थे। यूक्रेन में संघर्ष को लेकर रूस के पश्चिमी देशों से बढ़ते टकराव के बीच बैठक हो रही है। जयशंकर ने ट्वीट किया, ''जी-20 के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर रूस के विदेश मंत्री सर्जेई लावरोव के साथ व्यापक बातचीत की। हमारे द्विपक्षीय सहयोग और जी-20 से जुड़े मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। समझा जाता है कि बातचीत में यूक्रेन का मुद्दा भी आया। लावरोव की भारत यात्रा के मौके पर रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा कि मॉस्को जी-20 को दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के लिए प्रतिष्ठित मंच मानता है जहां सभी के हित में संतुलित और आम-सहमति से फैसले होने चाहिए। उसने मंगलवार रात को जारी बयान में कहा, ''हम बहुस्तरीय लोकतंत्र में विश्वास बहाल करने और वैश्विक अर्थव्यवस्था को बंटने से रोकने के लिए संगठित करने वाले एजेंडे को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता के लिए जी-20 की भारत की अध्यक्षता का समर्थन करते हैं। प्राथमिकताओं की प्रासंगिकता को साझा करता है जिनमें समावेशी और सतत आर्थिक विकास सुनिश्चित करना, सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में प्रगति में तेजी लाना, बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार और डिजिटल आधुनिकीकरण शामिल हैं।

# 3000 नए मंदिरों का निर्माण कराएगी आंध्र प्रदेश सरकार

## चुनाव से पहेल जगनमोहन रेड्डी ने खेला हिंदू कार्ड

(एजेंसी)

अमरावती। आंध्र प्रदेश के हर गांव में एक मंदिर सुनिश्चित करने का प्रयास करते हुए सरकार ने कहा है कि राज्य में मंदिरों का निर्माण बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री कोट्टू सत्यनारायण ने कहा कि मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी के निर्देश पर, हिंदू धर्म की रक्षा और प्रचार के लिए इस पहल की शुरुआत की गई है। धर्मादा विभाग का भी कार्यभार संभाल रहे सत्यनारायण ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में कहा, ''बड़े पैमाने पर हिंदू धर्म की रक्षा और प्रचार करने के लिए, कमजोर वर्गों के इलाकों में हिंदू मंदिरों का निर्माण शुरू किया गया है। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के श्री वाणी ट्रस्ट ने मंदिरों के निर्माण के लिए प्रत्येक मंदिर को 10 लाख रुपये आवंटित किए हैं। राज्य में 1,330 मंदिरों के निर्माण की शुरुआत के अलावा, इस सूची में अन्य 1,465 मंदिर भी जोड़े गए हैं। इसी तरह कुछ विधायकों के आग्रह पर और 200 मंदिर बनाए जाएंगे। सत्यनारायण ने कहा कि शेष मंदिरों का निर्माण अन्य स्वयंसेवी स्थाओं के सहयोग से किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री के अनुसार धर्मादा विभाग के तत्वावधान में 978 मंदिरों



का निर्माण तेजी से हो रहा है जबकि प्रत्येक 25 मंदिरों का कार्य एक सहायक अभियंता को सौंपा गया है। कुछ मंदिरों के पुनर्निर्माण और मंदिरों में अनुष्ठानों के लिए आवंटित 270 करोड़ रुपये की राशि में से 238 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। इसी तरह, इस वित्तीय वर्ष में प्रति मंदिर 5,000 रुपये की दर से अनुष्ठानों (धूप दीप नैवेद्यम) के वित्तपोषण के लिए निर्धारित 28 करोड़ रुपये में से 15 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। सत्यनारायण ने कहा, ''धूप दीप योजना के तहत 2019 में 1561 मंदिर पंजीकृत थे अब उनकी संख्या 5,000 हो गई है।

# 2024 में हम सत्ता में आये तो रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 500 रुपये से होगी कम : कांग्रेस

(एजेंसी)

नई दिल्ली। कांग्रेस ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर और वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी को ''होली से पहले मोदी सरकार का तोहफा'' करार देते हुए बुधवार को कहा कि केंद्र को राजस्थान सरकार से सीख लेकर घरेलू एलपीजी सिलेंडर का दाम 500 रुपये से कम करना चाहिए। मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि अगर 2024 में उसकी सरकार बनती है तो किसी भी सूरत में घरेलू रसोई गैस की कीमत 500 रुपये से अधिक नहीं होगी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ट्वीट किया, ''घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम 50 रुपये बढ़ाए, वाणिज्यिक गैस सिलेंडर 350 रुपये महंगे। जनता पूछ रही है- अब कैसे बनेंगे होली के पकवान, कब तक



जारी रहेंगे लूट के ये फरमान? उन्होंने तंज कसते हुए यह भी कहा, ''मोदी सरकार में लागू कमरतोड़ महंगाई के तले पिसता हर इंसान!कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने कहा कि मित्रकाल में मोदी जी ने जनता को होली से सात दिन पहले तोहफा दिया है। मोदी जी नहीं चाहते कि लोग होली पर अपनी रसोई में कुछ बनाएं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में हमारी सरकार गैस सिलेंडर 500 रुपये से कम में दे रही है। राज्यों से सीखो मोदी जी। हमारी मांग है कि रसोई गैस की कीमत 500 रुपये से कम की जाए। अगर यह कीमत 500 रुपये से अधिक होती है तो यह जीडीपी वृद्धि के लिए ठीक नहीं होगा।यह पूछे जाने पर कि अगर 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जीतती है और उसकी सरकार बनती है तो क्या घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 500 रुपये से कम की जाएगी तो वल्लभ ने कहा कि जब हम राजस्थान में यह कर सकते हैं तो देश में ऐसा क्यों नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि हम प्रण लेते हैं कि 2024 में अगर हमारी सरकार बनती है तो घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 500 रुपये से अधिक नहीं होगी। उल्लेखनीय 14.2 किलोग्राम वाले रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बुधवार को 50 रुपये की बढ़ोतरी की गई। राजधानी दिल्ली में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर का दाम अब 1103 रुपये पहुंच गया है।

CMYK

# संपादकीय

## कांग्रेस पार्टी का महाधिवेशन

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में चल रहे कांग्रेस पार्टी के 85वें महाधिवेशन का वर्तमान राजनीति में महत्व यह है कि यह अपने नेता राहुल गांधी की 'भारत-जोड़ो' यात्रा के दौरान पैदा किये गये वैकल्पिक जन-विमर्श के साये में हो रहा है। बरसों से निर्जीव समझी जा रही यह पार्टी फिलहाल नव ऊर्जा से आवेशित लग रही है और विपक्षी खेमे में अपने वर्चस्व के लिए ताल ठोकती लग रही है। लोकतान्त्रिक राजनीति में इसे सकारात्मक प्रक्रिया समझा जाता है क्योंकि अभी तक विपक्ष को बहुत छिन्न- भिन्न और कमजोर माना जा रहा था। मगर इसके साथ कांग्रेस की चुनौतियां भी कम बड़ी नहीं हैं। सबसे बड़ी चुनौती प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी की व्यक्तिगत लोकप्रियता और उनकी पार्टी भाजपा का जन विस्तार है। देखना यह होगा कि कांग्रेस अपनी पुरानी साख के घेरे में किस तरीके से पहुंचने का प्रयास करती है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि यह एक लोकतान्त्रिक पार्टी है और इसने श्री मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनकर एक ही गांधी परिवार के साये में लिपटे रहने का आरोप भी निस्तारित कर दिया है। साथ ही श्री खड़गे के रूप में इसने एक दलित व मजदूर के बेटे के हाथ में अपनी बागडोर देकर अपनी खिसकी हुई जमीन को पुन: पाने का उपक्रम करने का अवसर भी लपक लिया है मगर इसे अभी वह रुतबा हासिल करना है जिसकी पहचान इसके नाम के साथ पिछली सदी से रही है। यह हकीकत है कि भारत की पिछली सदी का इतिहास वही रहा है जो कांग्रेस पार्टी का इतिहास रहा है मगर वर्तमान सदी के दौरान 2004 से 2014 तक के अपने शासन के आखिरी चरण में इसकी 'चादर' इस कदर 'मैली' बना दी गई कि भाजपा नेता श्री नरेन्द्र मोदी को प्रधानमन्त्री बनने में कोई कठिनाई नहीं हुई। यदि कांग्रेस इस सम्मेलन से अपनी चादर को 'धवल' बनाने के मुहीम पर राहुल गांधी द्वारा पैदा किये गये जन-विमर्श को पकड़ कर जुगत भिड़ाती है तो देश में एक मजबूत विपक्ष का उभार हम महसूस कर सकते हैं। अभी तक रायपुर से जो खबरें मिल रही हैं वे काफी रोचक और राजनीति को भीतर तक प्रभावित करने वाली हैं। मसलन पार्टी अपने संविधान में संशोधन करके यह प्रावधान कर रही है कि इसकी सर्वोच्च निर्णायक संस्था कार्य समिति में पचास प्रतिशत सदस्य अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग व अल्पसंख्यक समुदाय के हों और कांग्रेस अध्यक्ष ही कार्य समिति के सभी सदस्यों को नामांकित करें। यह बदलते भारत की सामाजिक अपेक्षाओं के अनुरूप कदम है क्योंकि लोकतन्त्र में राष्ट्रीय राजनैतिक दल नागरिकों की सामाजिक संरचना का प्रतिनिधित्व किये बगैर सत्ता में जनता की भागीदारी सुनिश्चित नहीं कर सकते। दूसरे पार्टी के सभी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रधानमन्त्री स्वयमेव रूप से कार्य समिति के सदस्य होंगे। देखना यह होगा कि पार्टी अपने राजनैतिक व आर्थिक प्रस्ताव में किन मुद्दों को उठाकर उनका हल खोजने की तजवीज पेश करती है। साथ ही सामाजिक न्याय एवं युवा व रोजगार से सम्बन्धित प्रस्तावों में उसका नजरिया कौन सी तस्वीर पेश करता है। कुल छह प्रस्ताव पार्टी के तीन दिन तक चलने वाले सम्मेलन में पारित किये जायेंगे जिनमें एक कृषि प्रस्ताव भी होगा। कृषि या ग्रामीण क्षेत्र का कांग्रेस पार्टी के साथ महात्मा गांधी के जमाने से ही गहरा रिश्ता रहा है जिसे 1991 में आर्थिक उदारीकरण का दौर शुरू करने के बाद लावारिस बना दिया गया था। इस सम्बन्ध में पार्टी का आर्थिक प्रस्ताव भी विचार करने योग्य होगा क्योंकि पार्टी इस हकीकत से भाग नहीं सकती कि देश में आर्थिक उदारीकरण की जनक वही है।

## खालिस्तानी लपटों को हवा

सिखों का इतिहास बहुत गौरवपूर्ण रहा है, लेकिन कट्टरपंथी विचारधारा के चलते मुट्ठीभर लोगों ने ऐसा विषाक्त वातावरण तैयार किया जिससे न केवल देश की एकता और अखंडता को खतरा पैदा हुआ, बल्कि देश की सुरक्षा के लिए भी खतरनाक साबित हुआ। खालिस्तान की विचारधारा बहुत सारी दुर्भाग्यपूर्ण स्थितियों के बाद लगभग अतीत बन चुकी थी, फिर भी इस विचारधारा को दुबारा से हवा देने की साजिशें जारी हैं। पिछले कुछ महीनों में पंजाब में हुई एक के बाद एक टारगेट किलिंग की घटनाएं गैंगस्टरों और अलगाववादी ताकतों के गठबंधन से उभरी चुनौतियों में दबी हुई तेज कुल्हाड़ियों का पर्दाफाश हो रहा है। उससे यही साबित होता है कि देश की सत्ता को सीधी चुनौती दी जा रही है और एक बारघ् फिर पंजाब में आतंकवाद के दौर की आहट सुनाई पड़ रही है। किसान आंदोलन से चर्चित हुए पंजाबी फिल्म अभिनेता दीप सिद्धू के संगठन 'वारिस पंजाब दे' का प्रमुख बने खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के समर्थकों द्वारा जिस ढंग से अमृतसर के अजनाला थाने पर हथियार लेकर हमला किया गया वह सीधे-सीधे कानून व्यवस्था को सीधी चुनौती है। हथियारबंद लोगों के सामने पंजाब पुलिस को घुटने टेकने पड़े और मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किये गए अमृतपाल सिंह के करीबी लवप्रीत सिंह उर्फ तूफान सिंह की रिहाई की घोषणा करनी पड़ी। उससे पुलिस की छवि पर काफी आंच आई है। सवाल यह भी है कि पिछले वर्ष दुबई से आकर अमृतपाल सिंह को समर्थन कहां से मिल रहा है। खालिस्तान मुद्दे की दबी हुई चिंगारियों को लपटों में बदलने के लिए षड्यंत्र कौन रच रहा है। आखिर इतनी बड़ी संख्या में हथियारबंद लोग इकट्ठे कैसे हो गए। जो कुछ भी हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण तो है ही लेकिन समूचे घटनाक्रम ने अमृतपाल सिंह को हीरो' बना दिया। अमृतपाल सिंह खुद को सिख प्रचारक एवं ब्लू स्टार आपरेशन में मारे गए जनरैल सिंह भिंडरावाले का समर्थक बताता है और लगातार खालिस्तान का समर्थन कर रहा है। अब तो वह गृहमंत्री अमित शाह को भी स्वर्गीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जैसा होने की सीधी धमकियां दे रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि पंजाब में खालिस्तान अलगाववाद के लिए जमीन तैयार की जा रही है और इसे स्थानीय स्तर पर भी और विदेशों में बैठे खालिस्तानी तत्वों का समर्थन मिल रहा है। कनाडा, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया और पाकिस्तान में बैठे खालिस्तानी तत्व इसे हवा देने में लगे हुए हैं। मैं इस इतिहास में नहीं जाना चाहता कि खालिस्तानी मूवमैंट के शुरू होने के क्या कारण रहे। इस विषय पर तो महाग्रंथ की रचना हो सकती है। लेकिन मैं इस बात का उल्लेख कर अपनी पीड़ा व्यक्त करना चाहूंगा कि पंजाब के आतंकवाद ने हमें बहुत जख्म दिए। जिनमें मेरा परिवार भी शामिल है। 80 के दशक की शुरूआत में जब पंजाब में आतंकवादी घ्हिंसा बढ़ने लगी तो 1981 में कलम के सिपाही और जनता की बुलंद आवाज मेरे परदादा और पंजाब केसरी के संस्थापक और सम्पादक लाला जगतनारायण की हत्या कर दी गई। उन्होंने आतंक का कड़ा विरोध अपनी कलम से किया था। उसके बाद एक ही समुदाय के लोगों को लगातार निशाना बनाया जाता रहा। उसके बाद 12 मई, 1984 को मेरे दादा रमेश चन्द्र जी को जालंधर में आतंकवादियों ने गोलियों का निशाना बना डाला। लाला जी की हत्या में भिंडरावाले का नाम आया था, लेकिन सबूतों के अभाव में उस पर हाथ नहीं डाला जा सका। तब तक उसकी अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में जड़ें मजबूत हो चुकी थीं। धार्मिक स्थल अपराधियों के आश्रय स्थल बन गए थे। स्वर्ण मंदिर को आतंकवादियों से मुक्त कराने के लिए आपरेशन ब्लूस्टार हुआ, जिसमें 83 जवान शहीद हुए और जनरैल सिंह भिंडरावाले समेत 493 खालिस्तानी आतंकवादी मारे गए थे। आपरेशन ब्लूस्टार के 4 महीने बाद 31 अक्तूबर, 1984 को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या उनके ही दो सिख सुरक्षाकर्मियों ने कर दी। आतंकवाद के चलते एक शक्तिशाली प्रधानमंत्री को हमने खो दिया और उनकी हत्या के बाद देशभर में सिख विरोधी दंगे भड़क उठे थे। खालिस्तानी मूवमैंट का यहीं अंत नहीं हुआ। अगस्त 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के साथ पंजाब समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले शिरोमणि अकाली दल के नेता हरचरण सिंह लोगोंवाल की नृशंस हत्या कर दी गई। 23 जून, 1985 को एयर इंडिया के कनिष्क विमान को बम धमाके से उड़ा दिया गया, जिसमें 329 यात्री मारे गए थे। 10 अगस्त, 1986 को पूर्व आर्मी चीफ जनरल ए.एस. वैद्य की दो बाइक सवार आतंकवादियों ने हत्या कर दी, क्योंकि वैद्य ने ही आपरेशन ब्लूस्टार को लीड किया था। पंजाब के इस काले दौर के दौरान बसों और ट्रेनों से निकाल कर एक ही समुदाय के लोगों की हत्या की गई।

# पश्चिम दर्शन में भटकाव ज्यादा

**संजीव ठाकुर**




भारत मूलत: परंपरावादी वैदिक तथा सनातनी देश है पर आधुनिकता ने देश के संयुक्त परिवारों को खंडित कर दिया है। अधिकांश परिवार अब एकल परिवार में परिवर्तित हो गए हैं ऐसे में बुजुर्ग तथा बच्चे सबसे ज्यादा इस त्रासदी के शिकार हुए हैं। आधुनिक जीवन शैली ने माता पिता को नन्हे बच्चों से दूर कर दिया है इसी तरह बुजुर्गों के साथ उनकी संतानों की संवेदनहीनता ने असहाय सा बना दिया है। बच्चों तथा बुजुर्गों को इसी समय सबसे ज्यादा अपने माता पिता तथा संतानों के सहयोग एवं संरक्षण की आवश्यकता महसूस होती है। यदि आधुनिक जीवन शैली के कारण बुजुर्गों तथा बच्चों का उनके अभिभावक एवं पुत्रों पुत्रियों के साथ संवाद हीनता एक बड़ी पीड़ा का कारण बन जाति है। भारत में सर्वे के अनुसार बुजुर्गों और नौजवान पीढ़ी के बीच संवाद हीनता एक चिंताजनक स्वरूप ले चुका हैस बुजुर्ग एकाकीपन से अब मानसिक रोगों के शिकार होने लगे हैं। जिन बुजुर्गों को चलने फिरने और बाहर जाने में परेशानी होती है उनके लिए नौजवान पीढ़ी के साथ संवाद हीनता परेशानी का एक बड़ा सबक बन चुका हैस महिला तथा पुरुष बुजुर्गों के साथ यह समस्या बृहद रूप लेकर सामाजिक समस्या बन गई हैस बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं इनका जीवन के हर दृष्टिकोण में संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसी तरह बच्चों को नैतिक तथा बुनियादी शिक्षा देकर उन्हें देश का अच्छा नागरिक बनाने की जिम्मेदारी भी दम पत्तियों पर होती है पर वर्तमान में बच्चे मां बाप से दूर होते जा रहे हैं और बुजुर्ग अपनी संतानों से मोबाइल ,व्हाट्सएप फेसबुक और इंटरनेट ने नौजवान पीढ़ी और बुजुर्गों के बीच एक बड़ा संवाद हीनता का संकट पैदा कर दिया है। बुजुर्ग यदि अपने मन की बात किसी से कह नहीं सकेंगे तो उन्हें मानसिक रूप से बीमारी का संकट हो सकता है। नौजवान पीढ़ी को खाली समय में मोबाइल कंप्यूटर में फेसबुक व्हाट्सएप इंस्टाग्राम से ही फुर्सत नहीं है। ऐसे में बुजुर्गों के लिए यह संकट और गहराने का खतरा बढ़ता जा रहा हैस उल्लेखनीय है कि बुजुर्गों का अनुभव उनका ज्ञान परिवार,समाज तथा देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैस देश की संस्कृति में बुजुर्गों का सम्मान और इज्जत उनकी रक्षा निहित हैस करोना की तीसरी लहर से भारतीय समाज में निवास कर रहे बुजुर्गों की बड़ी संख्या को हमें सुरक्षित और महफूज रखना है। वह वटवृक्ष की तरफहम सबका मार्गदर्शन करते हैं ,अत: हमारा प्रथम कर्तव्य होगा कि हम वृद्धजनों की हर संभव रक्षा कर उनकी इज्जत, तवज्जो करेंस इसके साथ ही हमें बच्चों तथा नौजवानों की भी रक्षा करनी होगीस भारत सरकार की लगातार चेतावनी और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी निर्देशों की अवहेलना अभी भी भारत देश में जारी हैस सैकड़ों लोग मौत के मुंह में समा चुके हैंस हमें कोविड-19 के आतंक के साए को भी नहीं भूलना चाहिए।हमे लगातार सावधानी रख कोविड-19 के प्रोटोकॉल का अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ संगठन की गाइडलाइंस के अनुसार अपना आचरण रखना होगा। अन्यथा कोविड-19 की तीसरी लहर फिर भारत के निवासियों को परेशान कर सकती है। भारत में कोविड-19 की तीसरी लहर की शुरुआत बड़े शहरों से लेकर छोटे शहरों तक हो चुकी है। इसके लिए हमें अतिरिक्त सावधानी रखनी होगी। मैंने पहले भी कहा था कि करोना का केरल हॉटस्पॉट बन चुका है। अब दिल्ली, मुंबई चेन्नई अहमदाबाद तथा पूर्वोत्तर राज्य मैं भी कोविड-19 की तीसरी लहर के आंकड़े डरावने हो गए हैं। करोना का डेल्टा वैरीअंट यानी करोना की तीसरी लहर हर जगह फैलने लगी है,अब यह संक्रमण भारत के महानगरों में फैलने की आशंका को लेकर आया हैदिल्ली ,मुंबई कोलकाता, अहमदाबाद,चेन्नई से कोविड-19 की तीसरी लहर अपना पैर पसार चुकी है। और यदि आपने अपने चेहरे पर मास्क नहीं लगाया, लगातार हाथ नहीं धोया, लोगों से 2 गज की दूरी नहीं रखी और भीड़ भाड़ में जाने से नहीं बचे, तो निश्चित तौर पर कोविड-19 का डेल्टा वैरीअंट को आने से कोई नहीं रोक सकता है । वैसे भी विश्व में इंडोनेशिय, मलेशिया,थाईलैंड, ब्रिटेन, फ्रांस, ब्राजील, अर्जेंटीना,अमेरिका मैं डेल्टा वैरीअंट के तेजी से हजारों प्रकरण बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका डेल्टा वैरीअंट के संक्रमण का भयानक प्रकोप झेल रहा है। भारत में भी पूर्वांचल प्रदेशों में मिजोरम,असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा में तीसरी लहर के आसार स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। ब्रिटेन, अमेरिका,और फ्रांस जैसे उच्च शिक्षित देशों के नागरिकों ने लॉकडाउन हटते ही विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा जारी की गई गाइडलाइंस का उल्लंघन कर कोविड-19 की तीसरे संक्रमण की लहर को आमंत्रित कर लिया है। अमेरिका के स्वास्थ विभाग के वैज्ञानिक डॉ मूर्ति ने यहां तक कहा कि अमेरिका तथा यूरोपीय देशों को तीसरी लहर के अल्फा बीटा गामा कप्पा और डेल्टा वैरीअंट से बचने के लिए इंजेक्शन का बूस्टर डोज लगाना पड़ेगा, तभी लोगों की जान बच पाएगी। 24 करोड़ आबादी वाला उत्तर प्रदेश अब तक करोना की लहर से लड़कर उसे दबाने में काफी हद तक सफल रहा है। खुलेआम पर्यटन स्थलों पर मौज मस्ती करने वाले अमीर लोग अपना इलाज तो आसानी से करवा लेंगे पर सबसे बड़ी मुसीबत गरीब तथा सर्वहारा वर्ग के लिए होगी जि ऐसे में यदि भारत में कोविड-19 की तीसरी लहर पर्यटन स्थलों में घूमते हुए बेखौफ लोगों से भारत फिर फैलती है, तो आम जनता का जीवन यापन कठिन तथा दुष्कर हो जाएगा। और जिंदगी बचाने के लिए त्राहिमाम त्राहिमाम होने की पूरी संभावना है। देश में कोरोना की प्रथम लहर के थोड़े से नियंत्रण में आने के बाद सरकारों और आला अधिकारियों को यह गलतफहमी हो गई थी,कि करोना पूरी तरह नियंत्रित हो गया है। और वापस लौटकर नहीं आएगा। इसीलिए उन्होंने बाजार, आम सभाएं, शादी समारोह, होटल, टॉकीज,बड़े बड़े मॉल को खोलने की तथा ग्राहकों को आमंत्रित करने की अनुमति दी थी। और नीति निर्माता, राज्य सरकारों, केंद्र सरकार तथा मंत्रालय में बैठे बड़े-बड़े आला अधिकारियों ने कभी कल्पना ही नहीं की थी कि करोना की दूसरी लहर भी आएगी, और इसी के चलते उन्होंने न तो कोई दूरदर्शी नीति बनाई और ना ही इससे बचने के किसी उपाय पर विचार ही किया। यह उनकी सबसे बड़ी गलती थी, तथा अदूरदर्शिता भी थी। लेकिन करोना कि दूसरी लहर ने संक्रमण की जो तबाही मचाई और लाखों लोगों को मौत के घाट उतार दिया , अब कोविड-19 की तीसरी लहर भी इसी तरह के संक्रामकता लाने वाली है। यह तीसरी लहर का वैरीऐट बच्चों तथा युवा बुजुर्ग लोगों को सबसे ज्यादा प्रभावित करेगा, और इसके कोई लक्षण भी नहीं दिखाई देंगे, कोविड-19 की पहली लहर में संक्रमण दस दिन तक अपने उफान पर रहता था अब दूसरी लहर में 5 दिन में या पूरे शबाब पर आ जाता है, तीसरी लहर में न जाने यह दो या तीन दिन में अपना सर्वाधिक असर दिखाने वाला होगा, ऐसे में तीसरा संक्रमण कॉल बहुत ज्यादा डरावना और संक्रमण का होगा,वह दूसरे संक्रमण काल से भी ज्यादा मौत देने वाला होगा। ब्रिटेन की वैज्ञानिक शोध पत्रिका लेसेंट ने बताया कि ब्रिटेन फ्रांस बच्चों के लिए वैक्सीन बनाने में सफल हो गए हैं। एवं ब्रिटेन में बच्चों को वैक्सीनेशन देने की अनुमति देने की तैयारी चल रही है भारत के नौजवान बुजुर्ग और बच्चे बड़ी तादाद में मौजूद हैं उन सब की रक्षा करना हमारा नैतिक दायित्व है। खास तौर पर बुजुर्गों की जो शारीरिक रूप से कमजोर एवं अक्षम होते हैं उनकी तरफ विशेष ध्यान देकर हमें उनकी रक्षा करनी होगी यह हमारा प्रथम दायित्व होगा।

# आरएसएस को अनपढ़ कहने वाले जरा अपने गिरेबां में झांकें

## संघ पर टिप्पणी से पहले उसके बारे में जानें

**आशीष राय**

संघ के आद्य सरसंघचालक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण करने के बाद ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। द्वितीय सरसंघचालक रहे माधव राव सदाशिव गोलवलकर श्री गुरुजी ने अपनी पढ़ाई बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से की।

संघ को जानना है, तो शाखा में आना होगाऐसा संघ प्रमुख बारंबार कहते आ रहे हैं। परंतु अज्ञानता के कारण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रति नकारात्मक टिप्पणियां भी आती रहती हैं। चर्चा में रहने के लिए भी ऐसा होता आया है। हाल ही में संघ को एक और नकारात्मक टिप्पणी अनपढ से नवाजा गया। यह टिप्पणी एक अति महत्वाकांक्षी अविश्वासी कवि से आयी है। जो अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई तक पूरी नहीं कर पाया। जिसने राजनैतिक इच्छा पूरी न होने पर अपने साथियों तक छोड़ दिया हो वह एक ऐसे संगठन पर टिप्पणी कर बैठा जिसके विचारों से अभिभूत होकर बहुत सारे युवा संघ कार्य को अपना पूर्ण समय देकर प्रचारक जीवन में हैं। इसमें से कई युवा आईटी प्रोफेशनल्स, चिकित्सक, अभियंता इत्यादि क्षेत्रों से हैं जिन्होंने लाखों के पैकेज को ठुकरा कर प्रचारक जीवन अपनाया है। कवि ने अपनी इस टिप्पणी के लिए माफी तो मांग ली परंतु उनकी इस टिप्पणी से संघ के करोड़ों समर्थकों की भावनाएं आहत हुई हैं। संघ के आद्य सरसंघचालक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण करने के बाद ही राष्ट्रीय



स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। द्वितीय सरसंघचालक रहे माधव राव सदाशिव गोलवलकर श्री गुरुजीश् ने अपनी पढ़ाई बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से की। श्रीगुरु जी प्राणिशास्त्र में परास्नातक, विधि स्नातक थे। बताते हैं कि यदि उन्होंने संघ कार्य करने में रुचि नहीं दिखाई होती तो वह जगतगुरु शंकराचार्य की उपाधि से विभूषित होते। तृतीय सरसंघचालक मधुकर दत्तात्रेय उपाख्य बाला साहेब देवरस ने भी विधि स्नातक की उपाधि ली थी। चतुर्थ सरसंघचालक प्रोफेसर राजेंद्र सिंह उर्फ रज्जू भैया इलाहाबाद विश्वविद्यालय में भौतिक शास्त्र के विख्यात प्रोफेसर थे। पांचवें सरसंघचालक केसी सुदर्शन सिविल इंजीनियर थे तो वर्तमान सरसंघचालक ने पशु चिकित्सक की उपाधि ली। इन सब के अतिरिक्त संघ के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर रहे अधिकांश कार्यकर्ताओं एवं प्रचारकों ने उच्चतर डिग्रियां हासिल कर रखी हैं। संघ का मूल कार्य शाखा तो है ही परंतु शाखा में व्यक्ति निर्माण की प्रक्रिया से गुजरे स्वयं सेवक समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर उत्कृष्ट योगदान कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कई अनुषांगिक संगठन विभिन्न क्षेत्रों में अपना सर्वोत्तम करने का प्रयास करते ही रहते हैं शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ और इतिहास संकलन समिति सीधे-सीधे बौद्धिक क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। जिस वेद को लेकर नकरात्मक टिप्पणी की गई है उन वेदों को सबसे ज्यादा पढ़ने वाले, समझने वाले व समझाने वाले यदि कहीं मिल सकते हैं तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व उसके अनुषांगिक संगठन संस्कृत भारती में आसानी से मिल सकते हैं। अपनी गतिविधियों के माध्यम से प्रयास करना कि किस प्रकार परिवारों में लोगों के आपसी संबंध मधुर बने रहें, रिश्ते प्रगाढ़ हों। समाज में सद्भाव व समरसता बनी रहे। पर्यावरण प्रदूषित न हो। वैश्विक संकटों को भांपकर पर्यावरण संरक्षण एवं संरक्षण की चिंता करना और समरसता व परिवारों में समन्वय की बात करना अनपढ़ों की श्रेणी में आता है क्या। यदि स्वयं की चिंता न करते हुए राष्ट्र प्रथम की चिंता करना अनपढ़ की श्रेणी में आता हो तो संघ से बड़ा अनपढ़ संगठन तो कोई है ही नहीं। किसी विपत्ति, आपदा में सरकार या उसके तंत्र की उम्मीद छोड़ वह क्या कर सकते हैं, यह संघ के स्वयंसेवकों ने स्वयं करके दिखाया है। चरखी दादरी का विमान दुर्घटना कांड हो, विभिन्न रेल दुर्घटनाएं हों, सड़क दुर्घटनाएं हों, बाढ़ हो, तूफान हो, सुनामी हो, जब-जब विषम परिस्थितियों में समाज को आवश्यकता पड़ी, संघ के स्वयंसेवक अपनी जान की चिंता किए बगैर सेवा के लिए तत्पर रहे। भयंकर बीमारी कोरोना में जब पिता पुत्र के शव के नजदीक जाने से डरता था और पुत्र पिता के शव के नजदीक जाने से, रिश्तेदार तक दूर दूर रहते थे, तब उस समय श्मशान घाट पर सबसे ज्यादा किसी की संख्या दिखती थी तो संघ के स्वयंसेवकों की दिखती थी। उस कालखंड में भी घर-बाहर सड़क पर निकल नि:स्वार्थ सेवा से संघ के स्वयंसेवकों ने ही सम्पूर्ण शक्ति लगा रखी थी। संघ की शाखा से निकले तमाम स्वयंसेवक देश के विभिन्न संस्थानों में उच्च पदों पर आसीन हैं। शिक्षा का क्षेत्र, खेल का क्षेत्र, विज्ञान का क्षेत्र, कानून का क्षेत्र, सेना का क्षेत्र, शोध का क्षेत्र, प्रशासन का क्षेत्र, राजनीति का क्षेत्र सहित अनेकों क्षेत्रों में संघ के स्वयंसेवक आज अपना उत्कृष्ट योगदान कर रहे हैं। विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक संगठन के ऊपर किसी भी प्रकार की टिप्पणी करने से पूर्व उसके पूरे संगठन के बारे में जानकारी अवश्य कर लेनी चाहिए। 1925 में प्रारंभ हुआ यह संगठन आज विश्व के लगभग 100 से अधिक देशों में अपना कार्य कर रहा है। वैश्विक स्तर पर सबसे विशाल संगठन के ऊपर नकारात्मक टिप्पणी उस संगठन के लाखों समर्थकों की भावनाएं आहत करती हैं। आजकल टिप्पणी करके माफी मांग लेना आम बात हो गयी है, परंतु ध्यान रखना होगा कि किसी गुण विशेष के कारण मिली सफलता यदि अहंकार में बदल जाए तो पराभव में भी समय नहीं लगता।

# भारत के पड़ोसी देशों के आर्थिक हालात पर एक नजर

**गौतम मोरारका**

भारत के पड़ोसी देश श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल जिस तरह से चीन के कर्ज के जाल में फंसते जा रहे हैं या आईएमएफसे लोन लेने के लिए तरह-तरह के आश्वासन देकर अपनी जनता पर महंगाई बम फोड़ते जा रहे हैं वह बेहद खतरनाक स्थिति है। कर्ज का यह जाल इन देशों की वर्तमान और भावी पीढ़ियों के लिए तो मुश्किलें खड़ी करेगा ही साथ ही चीनी कर्ज के चलते आने वाले समय में इन देशों का भूभाग भी ड्रैगन हड़प सकता है।



भारत के पड़ोसी देशों की आर्थिक स्थिति की बात करें तो सबसे पहले आपको पाकिस्तान के वर्तमान हालात से रूबरू कराते हैं। पाकिस्तान विभिन्न मोर्चों पर कई प्रकार की समस्याओं का सामना कर रहा है, लेकिन इसके बढ़ते कर्ज के बोझ की अनदेखी नहीं की जा सकती। भारत के पड़ोसी देश श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल जिस तरह से चीन के कर्ज के जाल में फंसते जा रहे हैं या आईएमएफसे लोन लेने के लिए तरह-तरह के आश्वासन देकर अपनी जनता पर महंगाई बम फोड़ते जा रहे हैं वह बेहद खतरनाक स्थिति है। कर्ज का यह जाल इन देशों की वर्तमान और भावी पीढ़ियों के लिए तो मुश्किलें खड़ी करेगा ही साथ ही चीनी कर्ज के चलते आने वाले समय में इन देशों का भूभाग भी ड्रैगन हड़प सकता है। चीन के विस्तारवादी मंसूबों को देखते हुए ही भारत समय-समय पर पड़ोसी देशों की मदद करता रहा है ताकि वह चीन की साजिश के शिकार नहीं बनें। भारत की मदद से ही मॉलदीव आर्थिक संकट से बाहर निकला और चीन से पिंड छुड़ाया, भारत की बात बांग्लादेश को भी समझ आई और उसने चीन पर निर्भरता नहीं बढ़ाई, श्रीलंका के लिए भी भारत आईएमएफ समेत अन्य वित्तीय संस्थानों को तमाम तरह की गारंटी दे रहा है ताकि यह देश फिर से अपने पैरों पर खड़ा हो सके। लेकिन चीन का चेला पाकिस्तान और चीन समर्थक नेपाल सरकार के चलते यह दो देश बुरी स्थिति में फंसते जा रहे हैं। इसलिए अमेरिका ने भी चिंता जताई है कि चीन की ओर से भारत के निकटवर्ती पड़ोसी देशों को दिये जा रहे कर्ज के बदले ड्रैगन द्वारा बलपूर्वक लाभ लिया जा सकता है। भारत के पड़ोसी देशों की आर्थिक स्थिति की बात करें तो सबसे पहले आपको पाकिस्तान के वर्तमान हालात से रूबरू कराते हैं। पाकिस्तान विभिन्न मोर्चों पर कई प्रकार की समस्याओं का सामना कर रहा है, लेकिन इसके बढ़ते कर्ज के बोझ की अनदेखी नहीं की जा सकती क्योंकि यहां महंगाई चरम पर है और विदेशी मुद्रा भंडार गिर चुका है। पाकिस्तान आर्थिक बदहाली की कगार तक पहुंच गया है और इसे किसी चमत्कार का इंतजार है। पाकिस्तान ऐसे मसीहे की तलाश कर रहा है जो इसकी लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था को दुरुस्त कर सके। ऐसे मसीहा के रूप में उसे अपना दोस्त चीन मिल भी गया है जिसने आईएमएफसे पहले ही 70 करोड़ अमेरिकी डॉलर की मदद दे दी है। हम आपको बता दें कि सबसे अधिक आबादी वाला दुनिया का पांचवां देश पाकिस्तान राजनीतिक अस्थिरता, जलवायु परिवर्तन और आर्थिक संकट जैसी विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है और ये समस्याएं इसे श्रीलंका जैसी स्थिति में धकेलने को तैयार खड़ी हैं। कोविड-19 महामारी की मार से उबर रहे पाकिस्तान में आई भीषण बाढ़ ने न केवल भूमि को, बल्कि इसकी जर्जर अर्थव्यवस्था को भी पूरी तरह डुबो दिया है। एशियन डेवलपमेंट बैंक इंस्टीट्यूट की ओर से किये गये नये अध्ययन के अनुसार, पाकिस्तान पर ऋण की तलवार लटक रही है, जो इसकी आयात-आधारित अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रही है तथा इसके दूरगामी आर्थिक और सामाजिक परिणाम होंगे। पाकिस्तान पर लोन कितना चढ़ चुका है इसको समझना हो तो आंकड़े के जरिये समझ सकते हैं जिसके मुताबिक पाकिस्तान का बाहरी ऋण और देयता करीब 130 अरब अमेरिकी डॉलर है, जो उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 95.39 प्रतिशत है। आर्थिक तंगी झेल रहे पाकिस्तान को अगले 12 महीनों में करीब 22 अरब डॉलर और साढ़े तीन साल में कुल 80 अरब डॉलर वापस करना है, जबकि इसका विदेशी मुद्रा भंडार केवल 3.2 अरब डॉलर है तथा इसकी आर्थिक विकास दर महज दो प्रतिशत है। फिलहाल पाकिस्तान अपने केंद्रीय बजट का लगभग आधा हिस्सा ऋण चुकाने में इस्तेमाल कर रहा है। यद्यपि पाकिस्तान सरकार ने कर्ज का बोझ कम करने के लिए कई प्रकार के प्रयास किये हैं, लेकिन यह आसमान छूती महंगाई की पृष्ठभूमि में काफी नहीं है। पाकिस्तान के ऊपर ऋण का व्यापक बोझ नुकसानप्रद नीतियों और आर्थिक असंतुलन पर दबाव आदि का नतीजा है। इससे निपटने के लिए पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के 22 कार्यक्रमों सहित विभिन्न आर्थिक सहयोगों एवं ऋणों पर निर्भरता बढ़ाता रहा है। देखा जाये तो सरकारें पाकिस्तान को ऋण के चक्रव्यूह से बाहर निकालने के लिए कोई ढांचागत सुधार करने में विफल रही हैं। पाकिस्तान में अल्पावधि के उपाय केवल मौजूदा स्थिति को टाल सकते हैं, जबकि पाकिस्तान को दीर्घकालिक ढांचागत सुधार के उपायों की सख्त जरूरत है। यदि देश भविष्य की चूक से खुद को बचाने को तैयार है, तो इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, उसे विशिष्ट विशेषाधिकारों को समाप्त करना होगा। लेकिन इसके कोई आसार नजर नहीं आते। इस बीच, आर्थिक सहायता के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ बातचीत को अंतिम रूप देने से पहले पाकिस्तान को चीन से 70 करोड़ अमेरिकी डॉलर की बहुप्रतीक्षित सहायता राशि मिल गयी है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशाक डार ने ट्वीट करके बताया है कि श्स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तानश् को श्चाइना डेवलपमेंट बैंकश् से 70 करोड़ डॉलर का फंड मिला। जिसके बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ष्विशेष मित्रष् के प्रति आभार व्यक्त किया। शहबाज शरीफ ने कहा, ष्पाकिस्तान का एक सहयोगी देश है, हम सभी सोच रहे थे कि वे आईएमएफ समझौते की प्रतीक्षा कर रहे थे और फिर वे अपनी भूमिका निभाएंगे लेकिन उस सहयोगी देश ने कुछ दिन पहले हमें बताया कि श्हम आपको सीधे तौर पर वित्तीय मदद दे रहे हैं।श्श् शहबाज शरीफ ने कहा कि इन बातों को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। हम आपको बता दें कि पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार, जो कुछ सप्ताह पहले 2.9 अरब अमेरिकी डॉलर के निम्न स्तर तक गिर गया था, अब बढ़कर 4 अरब अमेरिकी डॉलर के करीब पहुंच गया है। जहां तक श्रीलंका के हालात की बात है तो आपको बता दें कि भारत का यह पड़ोसी देश वर्तमान में 2.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बेलआउट पैकेज को लेकर आईएमएफ के साथ बातचीत के अंतिम चरण में है। श्रीलंका के पास विदेशी मुद्रा भंडार बिल्कुल नहीं है जिससे बाहर से कुछ आयात नहीं हो पा रहा है और यह देश पूरी तरह भारत और अन्य देशों की मदद पर ही निर्भर है। हालात ऐसे हैं कि श्रीलंका के निर्वाचन आयोग ने कह दिया है कि स्थानीय निकाय चुनाव नहीं कराये जा सकते क्योंकि पैसे ही नहीं है। इस बीच, राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा है कि राष्ट्रपति के रूप में उनका काम संकटग्रस्त अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करना है। श्रीलंका सरकार ने बार-बार संकेत दिया है कि विदेशी मुद्रा भंडार की कमी के कारण आर्थिक संकट बढ़ता जा रहा है। वहीं नेपाल की बात करें तो यदि नेपाल सरकार ने 'ऋण जाल' कूटनीति को लेकर बेहद सावधानी नहीं बरती, तो उसे भी श्रीलंका और पाकिस्तान जैसे आर्थिक हालात का सामना करना पड़ सकता है।

# जनसंख्या के लिए डिजिटल घड़ी प्रदेश की सम्बल और ताकत है: ब्रजेश पाठक

संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ विश्व विद्यालय में डिजिटल जनसंख्या घड़ी का लोकार्पण उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री ब्रजेश पाठक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के महानिदेशक सांख्यकी कल सिंह, उप महानिदेशक अंजली रावत, लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय और जनसंख्या अनुसंधान केंद्र के निदेशक एवं अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो एम के अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश सर्वाधिक तेजी से बढ़ने वाला प्रदेश है। उत्तर प्रदेश का परिदृश्य बदला है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डॉलर की ओर अग्रसर है। उत्तर प्रदेश की जनसंख्या के लिए डिजिटल घड़ी सम्बल और ताकत है। जनसंख्या अनुमान के अनुसार संसाधनों का विकास करना है। अभी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में साढ़े तैतीस लाख करोड़ के एमओयू साइन हुए है इन्हें धरातल पर उतरना है।

प्रदेश में जनसुविधाओं का तीव्र गति से विकास हुवा है,जिससे प्रदेश के निवासी गर्व महसूस कर रहें है। प्रदेश की जनसंख्या घड़ी को लगाना महत्वपूर्ण है यह न केवल हमारी ताकत को दर्शाती है बल्कि जिम्मेदारी का भी अहसास कराती है। भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के महानिदेशक सांख्यकी कल सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय की यह नई पहल है। इस घड़ी में भारत के साथ उत्तर प्रदेश की अनुमानित जनसंख्या देखा जा सकता है। इसका दीर्घकालिक परिणाम होगा। सेंसस वर्क स्टेशन स्थापना से जनसंख्या अनुसंधान केंद्र मजबूत होगा। स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय एवं नीति आयोग को यह केंद्र डाटा उपलब्ध कराते हैं। पीआरसी लखनऊ को अहम जिम्मेदारी दी गई है। इस कार्यशाला से भविष्य में लाभ मिलेगा। भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के उप महानिदेशक सांख्यकी अंजली रावत ने कहा कि देश भर में 18 पीआरसी है जो पापुलेशन और स्वास्थ्य सम्बन्धी क्षेत्र में कार्य करते है। नीति आयोग पीआरसी की मोनेटरिंग करती है। प्रत्येक वर्ष हम सभी बैठक करके अध्ययन की नीति तय कर कार्य करते है जिससे सामाजिक प्रासंगिकता बनी रहती है।अध्यक्षता करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार रॉय ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनसंख्या अनुसंधान केंद्र का डाटा विश्वविद्यालय सहित प्रदेश को लाभान्वित करता है। विश्वविद्यालय इन अध्ययनों का लाभ लेकर अपनी नितियों का निर्माण और उद्देश्यों को प्राप्त करते है। प्रो अग्रवाल ने बताया कि जनसंख्या अनुशंधान केंद्र वैज्ञानिक एवं सलाहकार समिति की बैठक के साथ ही रिपोर्ट राइटिंग कार्यशाला प्रारम्भ हुई है जो तीन दिनों तक चलेगी। कार्यशाला का समापन दो मार्च को होगा। इसमें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, देश भर के जनसंख्या अनुशंधान केंद्र के सदस्य प्रतिभाग कर रहें है। उद्घाटन सत्र का संचालन संयुक्त रूप से अर्थशास्त्र विभाग के प्रो अशोक कुमार कैथल एवं उर्वशी सिरोही द्वारा किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निदेशक कुमार सुंदरम, कला संकायाध्यक्ष प्रो अरविंद अवस्थी, प्रो अरविंद मोहन, प्रो पूनम टंडन, प्रो संगीता साहू, प्रो राकेश द्विवेदी, श्रीमती अपर्णा उपाध्याय, जेएनयू शोध संस्थान के निदेशक डॉ के एस जेम्स, आईसीएमआर के डॉ समरीन पांडा, प्रो एम. शिवकामी, बरोडा की गायत्री देसाई सहित लखनऊ विश्वविद्यालय एवं जनसंख्या अनुसंधान केंद्र से जुड़े सदस्य उपस्थित रहें।

# सीएसआईआर, एनबीआरआई में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर

## प्रोफेसर कैलाश नाथ कौल स्मृति व्याख्यान का हुआ आयोजन

संवाददाता, लखनऊ। सीएसआईआर-एनबीआरआई, लखनऊ ने आज संस्थान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस भी मनाया गया, इस अवसर पर पद्म भूषण डॉ. राजेंद्र सिंह परोदा, संस्थापक अध्यक्ष, ट्रस्ट फॉर एडवांसमेंट ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज, नई दिल्लीय भूतपूर्व महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली एवं भूतपूर्व सचिव, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, भारत सरकार समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे, डॉ. परोदा ने हमारी कृषि जैव विविधता का प्रबंधन विषय पर प्रो. के. एन. कौल स्मृति व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस वर्ष के विज्ञान दिवस का थीम 'वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान' था। पद्मभूषण प्रोफेसर कैलाश नाथ कौल एक महान भारतीय वनस्पतिशास्त्री, प्रकृतिप्रेमी एवं सफल कृषि वैज्ञानिक थे जिनको बागवानी, वन्यजीव, पेड़ पौधों से काफी लगाव था। प्रो. कौल ने ही वर्ष 1948 में लखनऊ में राष्ट्रीय वनस्पति उद्यान की स्थापना की थी जो वर्ष 1953 में सीएसआईआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान के रूप में परिवर्तित हुआ,कार्यक्रम का प्रारंभ प्रोफेसर कैलाश नाथ कौल को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ, संस्थान के निदेशक डॉ. अजित कुमार शासनी ने अपने स्वागत सम्बोधन में कार्यक्रम में पधारे अतिथियों एवं श्रोताओं का स्वागत करते हुए प्रो. कौल के योगदान का उल्लेख किया। सभी को संबोधित करते हुए डॉ. परोदा ने अपने व्याख्यान में बताया कि कृषि जैवविविधिता हमारी सम्पूर्ण जैव विविधिता का एक अभिन्न अंग हैं इसमें मुख्यत: फसली किस्मे, मवेशीध्पशुधन, घरेलु फसलें, मिटटी एवं उसका आंतरिक पर्यावरण आदि शामिल हैं, पृथ्वी की अगर हम कुल जैवविविधिता को देखे तो अभी तक सिर्फ 10 प्रतिशत प्रजातियाँ ही ज्ञात है, वैश्विक खाद्य सुरक्षा को देखते हुए हमे अपनी कृषि आधारित सम्पदा का सरंक्षण एवं उसके सतत उपयोग पर ध्यान देना होगा, डॉ. परोदा ने बताया कि राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, नई दिल्ली के वर्ष 2004 में किये गए अध्ययन के मुताबिक विश्व में खाद्य पूर्ति वैश्विक रूप से परस्पर निर्भर हैं, इसलिए हमे अपने देश की कृषि आधारित जैव विविधिता को सहेजना होगा, इसके लिए हमे पारंपरिक विज्ञान के साथ साथ आधुनिक तकनीको जैसे प्रेसीजन कृषि तकनीकी, राष्ट्रीय सुरक्षा जीनबैंक, फील्ड जीनबैंक आदि का भी उपयोग करना होगा, हमे वैश्विक स्तर पर सोचना होगा और स्थानीय स्तर पर इसके लिए कड़े कदम उठाने होंगे,इस अवसर पर डॉ. परोदा ने वर्ष 2023 का संस्थान का कैलेंडर भी जारी किया, इसके साथ साथ उन्होंने संस्थान के वनस्पति उद्यान, पादपालय एवं अभिदर्शन का भी भ्रमण किया।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर प्रदेश में विधान मंडल प्रकाशन विक्रय केंद्र की शुरुआत

संवाददाता, लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मंगलवार को विधान मंडल प्रकाशन विक्रय केंद्र की शुरुआत की। विधानसभा ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि आने वाले दिनों में यहां विधान भवन छायांकित मोमेंटो, पेन, डायरी, फाइल फोल्डर, किट बैग, कार्ड होल्डर और अन्य उपहार सामग्री की बिक्री की जाएगी। बयान के मुताबिक, उपहार सामग्री सभी मंत्रियों, विधायकों, गणमान्य व्यक्तियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और आगंतुकों के लिए उपलब्ध होगी। बयान के अनुसार, संसदीय कार्य मंत्री खन्ना ने विक्रय केंद्र से एक पेन सेट खरीदकर इसकी प्रतीकात्मक शुरुआत की। इस अवसर पर विधायक मनीष असीजा, अंजुला माहौर, प्रदीप चौधरी और प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

### अखिल भारतीय लोधी महासभा की नयी कार्यकारिणी का गठन

संवाददाता, लखनऊ। राजधानी के दारूलशफा स्थित प्रदेश कार्यालय में अखिल भारतीय लोधा, लोधी, लोध महासभा की एक सभा आयोजित की गयी। जिसमें प्रदेश भर से आये लोधी समाज व महासभा के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर लोधी महासभा की नयी कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। नयी कार्यकारिणी के गठन की घोषणा सभापति पंचायती राज, विधायक एटा सदर के साथ साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय लोधा, लोधी लोध महासभा विपिन कुमार डेविड के द्वारा की गयी। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि वे लोधी समाज के हित में सदैव कार्य करते रहेगें। लोधी महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उत्तम चन्द्र, वरिष्ठ महामंत्री के रूप में भूपेन्द्र सिंह लोधी एवं प्रदेश महामंत्री के रूप में विजय लोधी को मनोमीत किया गया इसके साथ ही अन्य कार्यकारिणी के सदस्यों का चुनाव कर लोधी महासभा की नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया।

### घरेलू गैस सिलेंडर का दाम बढ़ने से गरीबों की जेब ढीली, कैसे मनेगी होली

संवाददाता, लखनऊ. महंगाई की मार से जनता पहले ही परेशान है ऐसे में होली के पहले घरेलू गैस के दाम में 50 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इसका सीधा असर जनता की जेब पर पड़ने जा रहा है और घरेलू गैस सिलेंडर के बढ़ने से गृहणियों में नाराजगी साफ देखी जा सकती है। उत्तर प्रदेश के चुनाव के दौरान होली और दीवाली पर मुफ्त गैस सिलिंडर देने की बात हो रही थी, और अब होली से पहले उपभोक्ताओं को जोर का झटका धीरे-धीरे दिया जा रहा है। जहां एक तरफ घरेलू सिलेंडर के 50 रुपये प्रति सिलेंडर दाम बढ़ा दिए गए हैं वहीं कमर्शियल सिलेंडर के दाम में 350 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इसे आम जनता पर होली से पहले महंगाई का बड़ा अटैक माना जा सकता है। अब गैस सिलेंडर दिल्ली में 1103 रुपये में मिलेगा। गौरतलब है कि अभी इसका दाम 1053 रुपये था। इसी तरह मुंबई में यह सिलेंडर 1052.50 रुपये के बजाय 1102.5 रुपये में बिकेगा। रसोई गैस सिलेंडर के साथ ही 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर के दाम में 350.50 रुपये का बड़ा इजाफा किया गया है। इसके बाद दिल्ली में इसकी कीमत 1769 रुपये से बढ़कर 2119.5 रुपये, मुंबई में 1721 रुपये की जगह 2071.5 रुपये, कोलकाता में रेट 1870 रुपये से बढ़कर 2221.5 और चेन्नई में 1917 रुपये के बजाय 2268 रुपये हो गए हैं।

# पुरानी पेंशन बहाली हेतु कांग्रेस करेगी संघर्ष - हम्माम वहीद

❍ राजस्थान, छत्तीसगढ़ एवं हिमांचल राज्य में बहाल की जा चुकी है पुरानी पेशन- कांग्रेस

स्टार एक्सप्रेस/संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता हम्माम वहीद ने मंगलवार को कहा कि जिस तरीके सरकार की तरफ से जवाब में वित्त राज्य मंत्री ने साफ कहा कि अब पुरानी पेंशन लागू करना संभव नहीं है। इससे यह स्पष्ट होता है कि भाजपा सरकार सरकारी कर्मचारियों की हितों की अनदेखी कर रही है। वह उन्हें राहत देने के पक्ष में नहीं है। जबकि कर्मचारियों की यह मांग है कि जिस प्रकार से कांग्रेस शासित राजस्थान, छत्तीसगढ़ एवं हिमांचल में पुरानी पेंशन बहाल की गई है उसी प्रकार से पुरानी पेंशन बहाल की जाये।कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के बाद सहारा है जिसके द्वारा वह अपना जीवन यापन करते हैं। कांग्रेस पार्टी इसके पक्ष है। पार्टी ने इसके लिए लगातार सदन से लेकर लड़क तक संघर्षरत रही है। अगर हिमांचल में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद 15 दिनों के बाद कर्मचारियों की पुरानी पेंशन ( ओपीएस ) बहाल हो सकती है तो उत्तर प्रदेश में यह सुविधा क्यों नहीं दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि इससे पहले कांग्रेस के केन्द्रीय नेतृत्व ने भी केन्द्र सरकार से सरकारी कर्मचारियों के लिए इसे अपनाने और लागू करने की अपील की है।

# डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल बने अध्यक्ष

स्टार एक्सप्रेस/संवाददाता



लखनऊ। अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के चेयरमैन डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र के संचालन के लिए प्रबंध समिति का अध्यक्ष चुना गया है। गौरतलब है कि वह बाबा साहब डॉ. अंबेडकर महासभा ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं। स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र के संचालन समिति में उपाध्यक्ष जय विलास, सदस्य के रूप में रंजीत भारती, भग्गू लाल बाल्मीकि एवं प्रोफेसर डीके वर्मा को चुना गया है। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सहायक निदेशक संस्कृति निदेशालय राजेश अहिरवार को दी गई है। इसमें सदस्य के रूप में शासन द्वारा नामित संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी, लखनऊ विकास प्राधिकरण का नजूल अधिकारी संस्कृति निदेशालय के निदेशक की ओर से नामित सहायक निदेशक और बाबा साहब डा अंबेडकर महासभा ट्रस्ट के सचिव अमरनाथ प्रजापति को सदस्य सचिव बनाया गया है।आमंत्रित सदस्य में बौद्ध भिक्षु प्रज्ञा सार थेरो एवम अवतार सिंह एडवोकेट को शामिल किया गया है। राज्यपाल की ओर से संचालन प्रबंध समिति की मंजूरी मिलने के बाद संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने आदेश जारी कर दिया है।

## दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का हुआ आयोजन

संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कमलेश कुमार वर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत संचालित कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण योजनान्तर्गत जनपद लखनऊ द्वारा विकास खण्ड परिसर-माल एवं मलिहाबाद में उपकरण वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नें बताया कि शिविर में मुख्य अतिथि जयदेवी कौशल विधायिका, विधान सभा क्षेत्र-मलिहाबाद के द्वारा विकास खण्ड-माल एवं विकासखण्ड-मलिहाबाद के दिव्यांगजनों को सहायक प्रदान कर लाभान्वित किया गया।

## उत्कृष्ट एवं उत्तम श्रेणी के संविदा चालकों व परिचालकों के वेतन में हुई वृद्धि

संवाददाता, लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह के निर्देश पर उत्कृष्ट एवं उत्तम श्रेणी से आच्छादित संविदा चालकों व परिचालकों के पारिश्रमिक दरों में वृद्धि की गयी है। इस सम्बंध में कार्यालय आदेश जारी कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए अपर प्रबंध निदेशक अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि प्रोत्साहन योजना के तहत संशोधित दरें 1 मार्च से लागू होंगी। अपर प्रबंध निदेशक ने बताया कि उत्कृष्ट एवं उत्तम कार्य प्रोत्साहन योजना के तहत पारिश्रमिक दरों में लगभग एक हजार रूपये की बढ़ोत्तरी गयी है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत पूर्व में उत्कृष्ट कार्य वाले चालकों व परिचालकों को (17,600) रूपया पारिश्रमिक मिलता था जिसे बढ़ाकर अब (18,660) रूपया कर दिया गया है। इसी प्रकार उत्तम कार्य करने वाले चालकों व परिचालकों को पूर्व में (14,600) रूपये पारिश्रमिक मिलता था।

# बीजेपी ने फिर सुनील बंसल को सौंपी मिशन-2024 की कमान

❑ हारी सीटों पर भगवा लहराने को पार्टी बेताब, बाजी पलटने का जिम्मा बंसल पर

❑ दो मार्च को सूबाई पार्टी दफ्तर में बंसल करेंगे पदाधिकारियों के साथ मंथन


संवाददाता



लखनऊ। दिल्ली की सत्ता का रास्ता यूपी से होकर ही गुजरता है। यूपी देश की राजनीति का दिशा तय करता है। सूबे में 80 लोकसभा सीटें है। 2014 की अपेक्षा 2019 के चुनाव में बीजेपी को कम सीटें मिली लेकिन 2024 में बीजेपी का सूबे की सभी 80 सीटें जीतने का टारगेट है। पार्टी देश की सत्ता पर तीसरी बार काबिज होने के लिए कोई सियासी रिस्क नहीं लेना चाहती। बीजेपी ने एक बार फिर सुनील बंसल को यूपी में मिशन-2024 की जिम्मेदारी सौंपी है ?बीजेपी यूपी में लोकसभा चुनाव में क्लीन स्वीप करने की रणनीति पर काम कर रही है। बीजेपी का मिशन-2024 के लिए सबसे ज्यादा फोकस 2019 में यूपी की हारी हुई लोकसभा सीटों पर है, जिसे 2024 में जीतने के लिए पार्टी ने मशक्कत शुरू कर दी है। यूपी के मिशन-80 लक्ष्य के मद्देनजर हारी हुई 14 लोकसभा सीटों के लिए बीजेपी ताकत झोंकने की तैयारी है, जिसकी मुख्य जिम्मेदारी सुनील बंसल के कंधों पर है। बीजेपी ने हारी हुई सीटों पर प्रभारी बनाए हैं, जो बंसल के मार्ग दर्शन में काम करेंगे। लोकसभा चुनाव के लिए मिशन-80 का लक्ष्य के मद्देनजर हारी हुई 14 सीटों के लिए पार्टी ने पूरी ताकत झोंकने की तैयारी कर ली है। बीजेपी ने इन सीटों पर संयोजक और सह संयोजक नियुक्त किए हैं। पार्टी ने 3-3 लोकसभा सीटों के लिए कलस्टर बनाकर प्रभारी भी नियुक्त किए हैं। बीजेपी की इस रणनीति को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल को कमान सौंपी गई है, जो 2 मार्च को प्रदेश मुख्यालय पर हारी हुई 14 सीटों को जीतने के लिए मंथन करेंगे। 2024 के लोकसभा चुनाव में हारी हुई 14 सीटों पर जीत के लिए बीजेपी संगठन की ओर से अमरपाल मौर्य को संयोजक, कलावती सिंह और विजय शिवहरे को सह संयोजक नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर प्रभार राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल को दिया गया है। पार्टी पदाधिकारियों को प्रभारी नियुक्त करते हुए राज्यमंत्री जसवंत सिंह और मुकुट बिहारी वर्मा को जिम्मदारी दी गई है। बीजेपी ने पहले से चार केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, अश्वनी वैष्णव, जितेंद्र सिंह और अन्नपूर्णा देवी को अलग-अलग सीटों का प्रभार दिया है। 2014 के लोकसभा चुनाव में एनडीए ने यूपी की 80 में से 73 सीटें जीती थी। बीजेपी 71 और अनुप्रिया पटेल की अपना दल ने दो सीटों पर कब्जा जमाया था, लेकिन 2019 के चुनाव में सपा-बसपा-आरएलडी गठबंधन के चलते बीजेपी का समीकरण गड़बड़ा गया था। बीजेपी गठबंधन 80 लोकसभा सीटों में से 64 सीटें ही जीत सका था। इस तरह से 2014 की जीती अपनी 9 सीटें 2019 में गंवा दी थी ।लोकसभा चुनाव 2019 में बीजेपी को बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, संभल, रायबरेली, घोसी, लालगंज, जौनपुर, अंबेडकर नगर, गाजीपुर, श्रावस्ती, मैनपुरी, सहारनपुर, आजमगढ़, रामपुर और नगीना इन 16 सीटों पर हार मिली थी। इन 16 सीटों में से 10 बसपा, पांच सपा और एक कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी, लेकिन बीजेपी ने उपचुनाव में आजमगढ़ और रामपुर की सीट पर जीत हासिल की थी। इस तरह से अब बीजेपी का फोकस 14 सीटों पर है, जिसके लिए अपने अहम नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है ।उत्तर प्रदेश में बीजेपी को जीत दिलाने का ट्रैक रिकार्ड सुनील बंसल का शानदार रहा है। यूपी के संगठन महामंत्री पद पर रहते हुए सुनील बंसल ने 2014 व 2019 के लोकसभा और 2017 व 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को शानदार जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की थी। पिछले साल बीजेपी ने सुनील बंसल को यूपी संगठन महामंत्री से प्रमोशन करके राष्ट्रीय महामंत्री का जिम्मा सौंपा था और उन्हें तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और ओडिशा का प्रभारी बनाया गया है। सुनील बंसल को गृहमंत्री अमित शाह का करीबी माना जाता है। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को यूपी से बड़ी जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यूपी में 2014 लोकसभा चुनाव के दौरान अमित शाह के साथ यूपी संगठन को दुरुस्त करते हुए चुनावी रणनीति तय की थी ।सुनील बंसल ने 2014 लोकसभा चुनाव के बाद 2017 यूपी विधानसभा चुनाव, 2019 लोकसभा चुनाव और फिर 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत दिलाने का काम किया है।

# लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया


संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ विश्व विद्यालय के भौतिकी विभाग में विज्ञान संकाय ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया। इस आयोजन में विज्ञान संकाय के सभी विभागों के साथ-साथ इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय के विभागों और एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय के छात्रों ने भाग लिया। रसायन विज्ञान विभाग के पीएचडी छात्रों ने अपने साइंस स्टॉल में कुछ दिलचस्प प्रयोग जैसे पोटेशियम परमैंगनेट और ग्लिसरीन का उपयोग करके हवन सामग्री को जलाना, जल उपचार और खाद्य और डेयरी उत्पादों में मिलावट का आकलन करने के लिए कुछ घरेलू त्वरित परीक्षण प्रदर्शित किए। भौतिकी विभाग के पीएचडी छात्रों ने प्लाज्मा भौतिकी में हाल की प्रगति को प्रदर्शित किया। दंत समस्याओं के उपचार में सिरेमिक सामग्री के महत्व को भी प्रदर्शित किया। साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे कटहल का दूध दांतों में कैविटी के इलाज में मददगार है। सांख्यिकी विभाग के छात्रों ने कुछ वास्तविक समय के आंकड़ों पर आधारित खेलों का प्रदर्शन किया और विजेताओं को पुरस्कार के रूप में कलम भी प्रदान की। वहीं फार्मास्युटिकल साइंस के छात्रों ने अपने विभाग के इन-हाउस उत्पादों जैसे क्षारीय पानी, मच्छर भगाने वाले, सैनिटाइजर का प्रदर्शन किया और कुछ पैथोलॉजिकल टेस्ट भी दिखाए। भूविज्ञान विभाग ने कुछ प्राकृतिक पत्थरों को प्रदर्शित किया और चट्टान के निर्माण और उनके अपक्षय की घटना के बारे में बताया गया। विज्ञान विभाग ने विभिन्न प्रकार के मॉडल और मिट्टी के बर्तनों का उपयोग करके समय के साथ मानव जाति के विकास को दिखाया। गणित और खगोल विज्ञान विभाग ने कुछ बहुत पुरानी गणितीय पांडुलिपियों का प्रदर्शन किया और आगंतुकों के लिए विभिन्न ग्रहों और सितारों को दिखाने के लिए एक टेलीस्कोप भी स्थापित किया। इंस्टीट्यूट ऑफ रिन्यूएबल एनर्जी ने दिखाया कि कोई कचरे से बिजली कैसे पैदा कर सकता है और पारंपरिक सौर कोशिकाओं के कामकाज को प्रदर्शित किया। जंतु विज्ञान विभाग ने विशेष रूप से समुद्री जीवन के विभिन्न जीवों के नमूनों को प्रदर्शित कर बताया कि कैसे तर्कसंगत रूप से नमूने तैयार किए जा सकते हैं। वनस्पति विज्ञान विभाग ने बाजरा वर्ष के क्रम में विभिन्न कवक और उनके विकास तंत्र, कुछ सजावटी पौधों और कुछ खाद्य पदार्थों को दिखाया। जैव रसायन विभाग ने अपने संकाय सदस्यों की उपलब्धियों को दिखाया और कुछ रोचक जैव रासायनिक प्रयोगों को भी प्रदर्शित किया। इंजीनियरिंग फैकल्टी और डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय के छात्रों ने रोबोटिक प्रयोग और रोबोट असिस्टेड मेडिकल चेयर का प्रदर्शन किया। वन्य जीवन संस्थान ने भी कुछ खाद्य बाजरा आधारित वस्तुओं का प्रदर्शन किया और लखनऊ के

# सदन में बोले संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, कहा, प्राथमिक विद्यालयों में सुधार, लेकिन अभी बहुत कुछ करना बाकी

संवाददाता



लखनऊ। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में पहले के मुकाबले बहुत सुधार हुआ है, लेकिन अभी सब कुछ ठीक नहीं हुआ है और बहुत कुछ किया जाना बाकी है, ऐसे में स्कूलों की जांच के लिए किसी कमेटी के गठन की आवश्यकता नहीं है। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान समाजवादी पार्टी (सपा) की सदस्य डॉ. रागिनी ने बेसिक शिक्षा के स्कूलों की व्यवस्था को लेकर प्रश्न किया, जिसके उत्तर में बेसिक शिक्षा राज्य्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि पहले के मुकाबले स्कूलों में बहुत सुधार हुआ है। इस पर पूरक प्रश्न करते हुए डॉ. रागिनी ने कहा कि क्या सरकार सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों की एक कमेटी बनाएगी, जो विद्यालयों में हुए सुधार की जांच करके अपनी रिपोर्ट दे। जवाब में संसदीय कार्य मंत्री खन्ना ने कहा कि स्कूलों में पहले के मुकाबले बहुत सुधार हुआ है, लेकिन सब कुछ ठीक नहीं हुआ है और अभी बहुत कुछ करना बाकी है, इसलिए कमेटी बनाने की आवश्यकता नहीं है। इससे पहले, सपा सदस्य ने पूछा था कि क्या प्रदेश के कुछ प्राथमिक स्कूलों में एक या दो कमरों में ही सभी कक्षाओं की पढ़ाई हो रही है और क्या सरकार मानक के अनुरूप कमरों का निर्माण कर शिक्षकों की तैनाती करेगी। जवाब में मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि हां सरकार ऐसी करेगी। उन्होंने बताया कि कुछ विद्यालयों में एक या दो कक्षों में कक्षाएं संचालित हो रही हैं। सिंह ने कहा कि जिलों से प्राप्त अतिरिक्त कक्षा-कक्षों का प्रस्ताव समग्र शिक्षा की आगामी वर्षों की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट में किया जाएगा तथा प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार से स्वीकृति के बाद अतिरिक्त कक्षा-कक्षों का निर्माण कराया जा सकेगा। मंत्री ने बताया कि आरटीई (शिक्षा का अधिकार) मानक के अनुसार पर्याप्त संख्या में शिक्षक उपलब्ध हैं, जिनकी जरूरत के हिसाब से तैनाती की जाएगी।

CMYK

# स्वच्छ भारत मिशन योजना को मुंह चिढ़ा रहा ब्लॉक मुख्यालय में बना शौचालय

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ग्राम पंचायतों को ओडीएफ व ओडीएफ प्लस घोषित कर विकास खण्ड कार्यालय अपनी पीठ थपथपा रहा है लेकिन यदि इसकी जमीनी हकीकत क्या है? ये तो ब्लाक परिसर में बना शौचालय ही बया कर रहा है। जो महीनों से साफ सफाई न होने से इन दावों को मुंह चिढ़ाता नजर आ रहा है। ग्राम पंचायतों को खुले में शौच मुक्त कराने वाले मुख्यालय में बने शौचालय की हालत चिराग तले अंधेरा जैसी है। लेकिन ब्लाक के मुखिया बीडीओ यह सब जान कर भी अनजान बने बैठे हैं। एक तरफतो ब्लाक मुख्यालय ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत गांवों को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) कराया और अब ओडीएफ प्लस की बारी है। वहीं दूसरी तरफ ब्लाक मुख्यालय इस योजना को गति देने की बजाय खुद पलीता लगा रहा है। ब्लाक परिसर की बात तो दूर यहां मुख्यालय द्वार के सामने बने शौचालय में कूड़े कचरे का ढेर लगा है। ब्लाक मुख्यालय पर अधिकारियों ने आधा दर्जन से अधिक सफाईकर्मी ग्राम पंचायतों की बजाय अपनी आवाभगत के लिए लगा रखे हैं फिर भी शौचालय साफ सफाई के अभाव में बदहाल है। महीनों से सफाई न होने से गंदगी व बदबू की वजह से शौचालय के बगल से निकलना दुभर हो गया है। जिसके चलते ब्लाक मुख्यालय पर आने जाने वाले लोग व जनप्रतिनिधि गंदगी व



बदबू के बीच शौचालय व मूत्रालय का उपयोग करने को मजबूर हैं या फिर उन्हें शौच के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। जो पंचायतीराज विभाग के मुंह पर सीधा तमाचा है।

# मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध चलाया गया अभियान



स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हरदोई । आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के आदेश ततकृम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों एवं सहायक आयुक्त खाद्य सतीश कुमार के निर्देशन में मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध एक अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत पिहानी चुंगी स्थित ललित अंकित किराना स्टोर से रंगीन कचरी का नमूना, नौसाद से भैंस के दूध का नमूना, शाहाबाद आंझी स्थित मुकेश स्वीट्स से खोया का नमूना संगृहीत किया गया तथा लगभग 20 कि0ग्रा दूषित मिठाई कीमत रुपए 4000 नष्ट करायी गयी, छोटे स्वीट्स से छेना रसगुल्ला का नमूना संगृहीत किया गया तथा 10 किलो दूषित मिठाई कीमत रुपए 2000 नष्ट कराती गयी, राजा स्वीट्स शाहाबाद लौंज का नमूना संगृहीत किया गया सभी दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा व स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया।

# आर हिंदुस्तान टीवी न्यूज के स्टूडियो का हुआ उद्घाटन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



हरदोई । शाहाबाद क्षेत्र के ग्राम शर्मा में आर हिंदुस्तान टीवी न्यूज के स्टूडियो का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार दिनेश प्रसाद मिश्रा एवं ओम देव दीक्षित उर्फपप्पू दीक्षित ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया तत्पश्चात मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर उसके बाद वरिष्ठ पत्रकार ओम देव दीक्षित ने सबसे पहले आर हिंदुस्तान टीवी न्यूज को बधाई दी एवं उपस्थित सभी पत्रकार साथियों को पत्रकारिता के क्षेत्र में ईमानदारी के साथ काम करें एवं गांव से लेकर शहर तक की गरीब एवं मजलूम की आवाज बने और पीड़ितों की शासन प्रशासन तक आवाज पहुंचाने का काम करें पत्रकारों का काम हर पीड़ित की आवाज बने और दबी हुई आवाज को शासन प्रशासन तक पहुंचाने का काम करें बही पत्रकार दिनेश प्रसाद मिश्रा ने कहा कि आज के युग में पत्रकारों की जितनी ज्यादा संख्या बढ़ी हुई है वह भी एक अच्छा विषय है क्योंकि बहुत पहले पत्रकारों की संख्या कम हुआ करती थी और पीड़ित अपनी बात को पत्रकारों तक पहुंचाने में काफी दिक्कतें हुआ करती थी आज के युग में जैसे पत्रकारों की संख्या बढ़ी है उससे कहीं ना कहीं गांव और शहर में होने वाले क्राइम अपराध एवं ग्रामीणों में विकास ना होने से संबंधित तत्काल खबरों के माध्यम से शासन प्रशासन तक पहुंचाने का काम किया जाता है जिससे फिर तो उसका लाभ हर पीड़ित को मिलता है मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि यहां उपस्थित सभी पत्रकार साथी अपनी ईमानदारी के साथ काम करेंगे और पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी एक अहम भूमिका निभाएंगे और आर हिंदुस्तान टीवी न्यूज चौनल को पूरे भारत में बढ़ाने का काम करेंगे इसी के साथ आप सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं इस मौके पर पत्रकार एकता एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सत्यपाल सिंह प्रदेश महासचिव मुकेश राठौर प्रधान संपादक आर हिंदुस्तान टीवी न्यूज के जुहैब गाजी सहायक संपादक राजकुमार गुप्ता इनपुट संपादक अंकित कुमार ब्यूरो चीफ लाल मोहम्मद लकी प्रेम कुमार प्रदीप कुमार गुरमीत अजय कुमार शुक्ला नितिन दुबे अजय पाल पुष्पेंद्र गुप्ता मुबीन खान जुबेर गाजी डॉक्टर सहरोज गाजी के अलावा सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे

# व्यापारी के साथ दबंगों ने दुकान में घुसकर की मारपीट

## वीडियो हुआ वायरल पुलिस ने संज्ञान में लेकर किया मुकदमा दर्ज

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हरदोई । पाली दुकान में घुसकर व्यापारी के साथ मारपीट का एक वीडियो सोशलमीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कस्बा के मोहल्ला मलकाना निवासी सहजाद की दुकान बरगद चौराहा के पास टेंट की दुकान है। उन्होंने बताया कि 26 फरवरी को शमशेर अपने साथी शब्बू, इसमद, गुड्डू, नौशर और नौशाद के साथ दुकान के अंदर घुस आया और मारपीट करने लगा। विरोध करने पर दुकान के अंदर तोड़फोड़ की। कुर्ता फाड़ कर 8 हजार रुपये छीन




लिए। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसकी एक वीडियो क्लिप बुधवार सुबह सोशलमीडिया पर वायरल हो गई। पीड़ित ने आरोप लगाते हुए बताया कि वह थाने तहरीर देने गया था, लेकिन पुलिस ने उल्टा उसे ही बंद कर दिया, और उससे एक कागज पर साइन करा लिए। थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## देशी तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

महराजगंज, रायबरेली। संदिग्ध वाहन चेकिंग के दौरान कोतवाली पुलिस ने एक को देसी तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मंगलवार की रात एस आई वीरेंद्र यादव मय हमराही संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान चंदापुर मार्ग स्थित नैया नाला के पास एक युवक के संदिग्ध दिखाई पड़ने पर रोक कर जामा तलाशी के दौरान उसके पास एक अदद देशी तमंचा व जिंदा कारतूस मिलने पर उसे गिरफ्तार कर कोतवाली ले आये।पूछ ताछ में युवक ने अपना नाम अंकित पुत्र अशोक व खुद को कोतवाली क्षेत्र के गढ़ी मजरे अतरेहटा का निवासी बताया। कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बुधवार को जेल भेज दिया।

## मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की मौत

ऊँचाहार, रायबरेली। रविवार की शाम सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक की बुधवार को उसके घर पर ही मौत हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।गौरतलब है कि रविवार की शाम मनीराम पुर गांव के पास दो बाइकों की आमने सामने से भिड़ंत हो गई थी, घटना में बाइक सवार राहुल यादव ,रितिक वर्मा निवासी पूरे तुराबी मजरे मोखरा व रजनीश निवासी उमरी कोतवाली सलोन घायल हो गये थे, सभी घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया था,जहां सोमवार को हालत नाजुक होने पर रितिक वर्मा को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया था, लेकिन परिजनों ने उसे लखनऊ स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया था और मंगलवार को हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे घर लेकर आ गए,जहां बुधवार की सुबह उसकी मौत हो गई,सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। कोतवाल बालेन्दु गौतम ने बताया कि घायल युवक रितिक की मौत हो गई है, शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# टीएसयू लखीमपुर से आई स्वास्थ्य टीम ने हेल्थ वेलनेस सेंटरों की परखी हकीकत

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। उत्तर प्रदेश टेक्निकल सपोर्ट यूनिट लखीमपुर से आई स्वास्थ्य टीम ने गांवों में बने हेल्थ वेलनेस सेंटरों पर दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जांच की इस दौरान गर्भवती , स्तनपान कराने वाली महिलाओं समेत 1 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों की भी स्वास्थ्य जांच के साथ साथ उनको मिलने वाले पूरक आहार जानकारी की। बुधवार को न्व्यैन् की टीम ने क्षेत्र के मोन व कैडावा गांव में गर्भवती महिलाओं के घर जाकर उनके स्वास्थ्य जांच के साथ पोषक तत्वयुक्त आहार की जांच की। राज्य स्तरीय स्वास्थ्य जांच टीम के डॉ अंशुमान पाण्डेय, डॉ रेनू व डॉ अन्नपूर्णा शुक्ला द्वारा दोनों गांवों में 23 गर्भवती, 6 स्तनपान कराने वाली माताओं व 1,-5वर्ष की उम्र के 27 बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके अलावा हेल्थ वेलनेस सेंटर मोन मे गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व होने वाली जटिलताओं व नवजात शिशु पूर्व देखभाल के लिए पोषण मटका के माध्यम से आयरन कैल्शियम व



पोषक तत्वों की प्रचुर मात्रा वाले खाद्यान्न व शाक सब्जियों की जानकारी साझा कर जागरूक किया गया।इस दौरान एएनएम कीर्ति बाजपेई, सीएचओ अंजली, बीएमसी जीनत, आशा संगिनी रजोल सिंह, शीला, नेहा सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

## सर्प दंश से किशोर की हालत गंभीर, भर्ती

संवाददाता,ऊँचाहार, रायबरेली। सवैया हसन गांव में खेलते समय सांप काटने से किशोर की हालत बिगड़ गई, परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। गाँव निवासी सिया खान का बेटा अहमद रजा 12 वर्ष बुधवार की सुबह घर के पास ही तालाब किनारे साथियों के साथ खेल रहा था, तभी उसके पैर में सांप ने काट लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई जानकारी होने पर परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि किशोर को सांप ने काटा था, जिसका इलाज किया जा रहा है।

# विवाहिता की मायके में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के अब्दुल्लागंज मजरे पिंडारी कला गांव में एक विवाहिता की मायके में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका का शव घर के अंदर बने कमरे में लगी डाट की छड़ से साड़ी के फंदे के सहारे लटकता मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के अब्दुल्लागंज मजरे पिंडारी कला गांव निवासी गरिमा यादव उर्फ अंशु (24) वर्ष पुत्री रामकुमार यादव की बुधवार की दोपहर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के समय मृतका के पिता मिल एरिया थाने में पीआरडी ड्यूटी पर थे। मां कमलेश कुमारी पड़ोसी छेदू के यहां आयोजित प्रीति भोज में खाना बनाने गई थी।किसी काम से मृतका की मां घर वापस



आई तो मृतका का शरीर घर के अंदर बने कमरे की डाट में लगी छड़ के सहारे फांसी के फंदे से लटकता मिला। बेटी का शव साड़ी के फंदे से लटका देख बदहवास मां ने चीखना चिल्लाना शुरू कर दिया।चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पीआरडी में तैनात पिता व कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नायब तहसीलदार सदर डा0 बृजेश कुमार की मौजूदगी में शव का पंचायत नामा भरवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका का विवाह एक वर्ष पूर्व अमेठी जनपद के मोहनगंज थाना क्षेत्र के पूरे अवसान मजरे पाकर गांव निवासी अर्जुन यादव के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही मृतका अपने ससुराली जनों के साथ दिल्ली में ही रहती थी। मृतका की मां कमलेश कुमारी ने बताया कि उसकी दो माह की बेटी है,अभी 5 दिन पहले ही उसका बेटा देवेंद्र उसे दिल्ली से लेकर घर आया था।मृतका के परिजनों द्वारा ससुराली जन को सूचना दी गई है। मामले में कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।गले में निशान होने के कारण पृथम दृष्ट्या हैंगिंग का मामला प्रतीत होता है,पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# दो बच्चों को अगवा करने की कोशिश करने वालों ने सनसनी फैला दी

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हरदोई। शहर में एक ही ठिकाने से 1 घंटा 45 मिनट के बीच दो बच्चों को अगवा करने की कोशिश करने वालों ने सनसनी फैला दी। भीड़ ने एक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया था, जबकि दूसरा वहां से भाग निकला। पुलिस ने दी गई तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि मंगलवार की शाम लगभग सवा पांच बजे शहर के बहरा सौदागर पूर्वी आरके बैट्री वाली गली से एक शख्स गुनगुन सिंह पुत्री सुमित सिंह को अगवा कर रहा था,इसी बीच बच्ची के रोने की आवाज सुन कर वहां के लोगों ने उस शख्स को पकड़ कर पहले तो जमकर धुना, उसके बाद उसे वहां पहुंची यूपी-112 की पीआरवी को सौंप दिया। उस दौरान वह शख्स नशे में था,ऐसा बताया गया था। उसके कुछ ही देर बाद वहीं पर लगभग सात बजे आयुष सिंह पुत्र अमित सिंह को एक शख्स चॉकलेट और टॉफी के बहाने से उसे अपने पास




बुला रहा था। चूंकि इससे पहले जो हुआ,उससे सारे लोग चौकन्ना थे। साइकिल से वहां पहुंचा वह शख्स जैसे ही आयुष के करीब पहुंचा,तभी भीड़ दौड़ पड़ी। वह साइकिल को वहीं पर छोड़ कर भाग गया। बच्चों को इस तरह से अगवा करने की हुई कोशिशों का पता होते ही इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने नीरज मिश्र पुत्र मुनीषचन्द्र की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफधारा 363৷511 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच एसआई धर्मेन्द्र कुमार सिंह को सौंपी गई है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जनपद से 07 नमूने लेकर जांच को भेजा

संवाददाता

अंबेडकर नगर। उत्तर प्रदेश शासन, जिलाधिकारी अंबेडकरनगर महोदय के निर्देश पर सहायक आयुक्त खाद्य(द्यद्य) राजवंश श्रीवास्तव तथा के.के. उपाध्याय मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अंबेडकरनगर के नेतृत्व में होली पर्व पर आम जनमानस को शुद्ध खाद्य पदार्थ एवं मिष्ठान उपलब्ध कराने हेतु प्रारंभ हुए अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने अकबरपुर रोड, जलालपुर में सरगम मिष्ठान भंडार का निरीक्षण कर छेना मिठाई तथा फकीर साव मिष्ठान भंडार का निरीक्षण कर पनीर का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा । नागपुर मोड़, जलालपुर में दीपचंद यादव की किराना दुकान का निरीक्षण हंगामा ब्रांड नमकीन का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा गया, तथा मौके पर ही 86 किलोग्राम नमकीन जब्त कर खाद्य कारोबारकर्ता के सुरक्षित अभिरक्षा में दिया गया,जिसका मूल्य लगभग 8600/रु है। रामगढ़ रोड, अकबरपुर में विकास जयसवाल की किराने की दुकान का निरीक्षण कर बेसन का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा गया तथा कृष्णा स्वीट्स का निरीक्षण



कर खोया का नमूना संग्रहित कर जांच भेजा हेतु गया।नेवादा चौराहा, जलालपुर में सद्गुरु मिष्ठान भंडार का निरीक्षण कर खोया का नमूना तथा शंकर स्वीट्स का निरीक्षण कर मिल्क केक का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा गया। कुल 7 नमूने संग्रहित कर जांच हेतु भेजे गए तथा 86 पैकेट नमकीन सीज करते हुए खाद्य कारोबारकर्ता के सुरक्षित अभिरक्षा में दिया गया।अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंबेडकरनगर हंसराज प्रसाद मनीषा सिंह व गुलाब चंद गुप्ता शामिल रहे।

## चचेरे देवर ने लोन दिलाने के नाम पर फर्जी हस्ताक्षर करवा कर लाखों उड़ाए

संवाददाता, हरदोई। दरअसल पूरा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के मो राधा नगर का है जहां पर पति के चचेरे भाइयों के यहां मकान मो सरायथोक में रह रही थी ,पति बाहर प्राइवेट नौकरी करता है,महिला ने बताया कि सपन ने कहा मकान पर लोन लेना चाहता हूं,और आपका इस मकान में तीसरा हिस्सा दिखा दिया है, जब लोन हो जाएगा तो आपको अभय मिश्रा प्रापर्टी डीलर से एक प्लाट खरीद देंगे उसके पहले ही महिला से 50,000रु बयाना सपन के द्वारा दिला दिया गया और एक महीने बाद पुन: एक लाख रुपए के लिए कहा उसके बाद पीड़ित महिला को आर्यावर्त बैंक को जगदीशपुर शाखा पर लेकर गया जहां पर बैंक कर्मी की मिलीभगत से फर्जी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा लिया और अपना मोबाइल नंबर उन दस्तावेजों पर अपना मोबाइल नंबर डलवा लिया जिससे पीड़ित को कोई जानकारी न मिल पाए। जब लोन पास हुआ तो अपने भाई तपन अवस्थी मास्टर के खाते पर ट्रांसपर करवा लिए मुझे इस बात की जानकारी मिली तब मैने कहा तो मुझे भद्दी भद्दी गालियां देते घर से निकाल दिया उसके बाद दूसरे के मकान में किराए पर रह रही हूं।मैने इन लोगो के परिवार वालों से कहा तब जाकर 45000 रुपए वापस किया उसके बाद मुझे यह लोग जान से मारने की धमकी दे रहे हैं और खतरा बना हुआ है। इसलिए पुलिस अधीक्षक से न्यायोचित कार्यवाही करते हुए जालसाजी पर मुकदमा पंजीकृत करने की मांग की है ।तो वही पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन देते हुए क्राइम ब्रांच को सौप दिया गया है।

## कृषि एवं आवासीय भूमि आवंटन के संबंध में आपत्ति प्रस्तुत करें :स्वाती शुक्ला

संवाददाता, हरदोई । उप जिलाधिकारी सदर स्वाति शुक्ला ने अवगत कराया है कि ग्राम पंचायत फरीदपुर भूमि प्रबंधन समिति ने 120 व्यक्तियों के नाम कृषि भूमि आवंटन तथा ग्राम पंचायत बिजगंवा भूमि प्रबंधन समिति ने 174 व्यक्तियों के नाम कृषि भूमि आवंटन प्रस्ताव और ग्राम पंचायत माधौपुर परगना बंगर की भूमि प्रबंधन समिति ने 02 व्यक्तियों के नाम आवासीय भूमि आवंटन प्रस्ताव प्रेषित किया है। उन्होने कहा है कि इन कृषि भूमि एवं आवासीय भूमि आवंटियों के विरूद्व किसी को कोई आपत्ति है तो वह 15 मार्च 2023 तक उप जिलाधिकारी सदर, कार्यालय में प्रस्तुत करें और निर्धारित समय तक आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में अग्रिम कार्यवाही कर दी जायेगी।

## गाय को बचाने में कार से टकराया ई-रिक्शा,2 महिलाओं समेत 8 घायल

संवाददाता, हरदोई ।शाहाबाद क्षेत्र के शाहाबाद-साण्डी मार्ग पर दिलावरपुर के पास सड़क पर घूम रही गाय को बचाने में ई-रिक्शा तेज रफ्तार कार से टकराकर ई-रिक्शा पलट गया।जिसमें 2 महिलाओं समेत 8 लोग बुरी तरह घायल हो गए।सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहाँ पर डॉक्टरों ने 2 लोगों की गंभीर स्थित को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जबकि 6 लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा है।बुधवार को लगभग 2 बजे शाहाबाद से कुछ लोग ई-रिक्शे में बैठ कर अपने घर जा रहे थे।सांडी मार्ग पर दिलावरपुर के पास सड़क पर घूम रही गाय को बचाने में इरिक्शा सामने से तेज रफ्तार गति से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर लगने से ई-रिक्शे में सवार बीरेंद्र (30) पुत्र राजू,मोनिन्दर(35) पुत्र मुंशी,शिवदत्त (28) पुत्र रविनंदन,गौरी (25) पत्नी मनोज निवासी नगलालोथू,बुधपाल (76) पुत्र पातीराम,अनूप (32) पुत्र राजाराम,विमला पत्नी रामदास निवासी रामपुर ह्रदय,शाहाबाद घायल हो गए,जिन्हें सीएचसी लाया गया। जिनमें से दो घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घटनास्थल से कार को कब्जे में लेकर कार्यवाई की है।

## लेनदेन के विवाद में गर्दन काटी गंभीर घायल किया गया रेफर

संवाददाता, हरदोई। बिलग्राम क्षेत्र के गांव पसनेर में देर रात को शराब के नशे में धुत होकर एक व्यक्ति ने रुपए के लेनदेन के मामले में दूसरे व्यक्ति पर हमला बोल दिया और साथ ही ब्लेड से उसकी गर्दन काट दी यह घटना देख हड़कंप मच गया और और लोग इधर-उधर जाने लगे सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल पहुंचाया और रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।थाना क्षेत्र के देसी शराब के ठेके गांव कचनेर में रात करीब साढ़े नौ बजे एकदम हाहाकार मच गया जब दो व्यक्ति आपस में लड़ने झगड़ने लगे और और भीड़ लग गई यहां पर बताया गया कि गांव पसनेर के रहने वाले सरोज यादव और अजीत कुमार दोनों के बीच विवाद हुआ और विवाद इतना बड़ा किस सरोज पर अजीत ने हमला बोल दिया मारपीट के बीच अजीत ने सरोज की गर्दन ब्लेड से काट दी जिससे वह मौके पर गिर गया पुलिस को सूचना मिलने पर कोतवाल फूल सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल पहुंचा कर रिपोर्ट दर्ज कराई तथा आरोपी अजीत को ब्लड समेत गिरफ्तार कर दिया गया। कोतवाल ने बताया कि जानलेवा हमले में रिपोर्ट दर्ज की गई है और आरोपी को जेल भेजा गया है।

## आरटीआई से सूचना मांगने पर प्रधान पति पर मुकदमा लिखाने का आरोप

संवाददाता, हरदोई। टडियावां थाना क्षेत्र के गांव अजीजपुर मजरा हरिहरपुर निवासी शिवम सिंह परमार पुत्र अनिल कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्राथना पत्र में बताया कि ग्राम प्रधान हरिहरपुर द्वारा ग्राम पंचायत में विकास कार्यों में किए गए भ्रष्टाचार के खिलाफआर टी आई के तहत सूचना मांगी थी। प्रधान पति राजेश शर्मा पुत्र मुंशीलाल व उसके चचेरे भाई नीरज कुमार द्वारा रंजिश मानते हुए पीड़ित व उसके परिवार को आए दिन गाली गलौज कर जान माल व फर्जी मुकदमा में फसाने की धमकी दी जा रही है। विपक्षी दबंग किस्म का व्यक्ति है, प्रधान पति की प्रताड़ना के कारण पीड़ित व उसका परिवार काफी डरा हुआ है और घर छोड़ने को मजबूर है। पीड़ित की पिता अनिल कुमार सिंह द्वारा बीते माह विपक्षी की दबंगई व गांव में फैलाए गए भ्रष्टाचार की शिकायत आलाधिकारियों से की थी,मामले में विपक्षी पर कोई कार्यवाही न करके पुलिस ने विपक्षी से सांठ गांठ कर उल्टा पीड़ित सहित उसके परिवार पर एक तरफा कार्यवाही कर फर्जी मुकदमा दर्ज कर दिया है।पीड़ित छात्र ने पूरे मामले में एसपी को प्राथना पत्र देकर उच्च स्तरीय जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

## चारागाह की जमीन में प्रधान बनवा रहे तालाब डीएम से हुई शिकायत

संवाददाता, हरदोई ।विकास खंड अहिरोरी क्षेत्र की ग्राम पंचायत अठौआ में सार्वजनिक चारागाह की जमीन में ग्राम प्रधान द्वारा तालाब का निर्माण कराया जा रहा हैं। चारागाह के इन खसरा संख्या में बनाया जा रहा है तालाब ग्राम पंचायत अठौआ के खसरा संख्या 47, 57, 58,770 ख, 786 में मनरेगा योजना के अंतर्गत तालाब बनाया जा रहा है। जबकि वहां पर सार्वजनिक चारागाह की स्थाई जमीन है,ग्राम प्रधान अवैध रूप से तालाब का निर्माण कर उस जमीन को खुद कब्जा करना चाह रहे हैं। उक्त पूरे मामले की ग्रामीण अशरफी लाल पुत्र जालिम ने सदर एस डी एम सहित डीएम व सीएम से आई.जी.आर.एस. के माध्यम से व एस डी एम के जनता दरबार में शिकायत कर मामले की जांच कर चारागाह की जमीन पर तालाब का निर्माण कार्य रुकवाकर ग्राम प्रधान अरुण कुमार व अन्य जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग की है। बोले जिम्मेदार - बीडीओ अहिरोरी ने बताया चारागाह की जमीन में तालाब बनने की उन्हें जानकारी नहीं है,अगर ऐसा है तो जांच कर कार्यवाही की जाएगी। मामले में प्रधान अरुण कुमार ने बताया कि वह तालाब का मरम्मत कार्य करा रहे हैं,तालाब पहले से बना हुआ है,

CMYK

# मैं जा रहा हूँ परन्तु हृदय अभी भी आपके ही मध्य रहेगा : जिलाधिकारी

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

सुलतानपुर। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता का विदाई सम्मान समारोह कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों कर्मचारियों व जनता जनार्दन के बीच सम्पन्न हुआ। ''विदाई सम्मान समारोह'' में निवर्तमान जिलाधिकारी रवीश गुप्ता को बैण्ड बाजे के साथ पुष्प गुच्छ व स्मृतिचिन्ह देकर सब ने अपना आभार व्यक्त किया। विदाई सम्मान समारोह में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) बी0 प्रसाद, अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) मनोज कुमार पाण्डेय, मुख्य राजस्व अधिकारी शमशाद हुसैन, समस्त एसडीएम, तहसीलदार, समस्त कलेक्ट्रेट, समाजसेवी, जनपदवासी उपस्थित रहे। सभी ने जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की सरलता, सौम्यता, मिलनसार व्यक्तित्व की मुक्तकंठ से सराहना की। सभी कलेक्ट्रेट परिवार द्वारा गमगीन माहौल में जिलाधिकारी को विदाई व शुभकामनाएं दी गयी। विदाई सम्मान समारोह में सभी ने जिलाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी ने अपने-अपने अनुभवों को साझा किया। बार एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी के विदाई सम्मान समारोह में जिलाधिकारी की सहजता व सरलता का सब ने बखान किया। ''विदाई सम्मान समारोह'' में जिलाधिकारी ने जनपदवासियों, अधिकारियों, कर्मचारियों के द्वारा स्नेह व विश्वास जताने के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मेरे लगभग 2.5 वर्ष के सेवा काल में मुझे सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व जनता जनार्दन का भरपूर, सहयोग, स्नेह व प्यार मिला, जो मेरे जीवन की अमूल पूंजी है। जिलाधिकारी द्वारा अपने अनुभवों को सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से साझा किया गया। उन्होंने कहा कि जनपद सुलतानपुर में मेरे नेतृत्व में अच्छे अधिकारियों की एक टीम गठित हो गयी थी, जो जनसमस्याओं को निपटाने में सहजता से काम आयी। हम चाहते हैं कि आगे भी वह टीम कार्य करती रहे, जिससे जनसमस्याओं का निस्तारण होता रहे। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के समक्ष प्रशासनिक गुणों के बारे में बहुत ही सहजता के साथ रखा। जिलाधिकारी को विदाई सम्मान समारोह विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में आयोजित किया गया। प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक के नेतृत्व में समस्त विकास भवन परिवार के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा जिलाधिकारी को पुष्प गुच्छ व स्मृतिचिन्ह देकर आभार व्यक्त किया गया। पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा द्वारा भी जिलाधिकारी के विदाई सम्मान समारोह में प्रतिभाग किया गया। पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने अपने उद्बोधन में जिलाधिकारी के साथ बिताये हुए संस्मरणों को साझा किया। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के सरलता का बखान शब्दों में नहीं किया जा सकता है। उनके साथ रहने से मेरा भी कार्य बहुत आसान हो जाता था। उन्होंने जिलाधिकारी को अग्रिम भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रभारी जिलाधिकारीध्मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक द्वारा जिलाधिकारी के साथ बिताये हुए पॉच माह के कार्यकाल के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि जिलाधिकारी से हमने बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी की सहजता व सरलता




का कोई मोल नहीं है, हम सब ने जिलाधिकारी के साथ बिताये हुए उन पलों को भूल नहीं पायेंगे। इसी प्रकार विकास भवन के अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी के सम्मान में अपने-अपने अनुभवों को साझा किया गया। सभी ने जिलाधिकारी के सहज, सरल स्वभाव की प्रशंसा की।कार्यक्रम के अन्त में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। जिलाधिकारी द्वारा जनपद सुलतानपुर में बिताये हुए लगभग 2.5 वर्षों के कार्यकाल को याद करते हुए उन्होंने कहा कि आज आप सबका स्नेह और सम्मान पाकर बहुत ही भाव विह्वल हो गया। उन्होंने कहा कि मैं जा रहा हूँ परन्तु हृदय अभी भी आपके ही मध्य रहेगा। आज हमारे सम्मानित अधिकारी, कर्मचारी, अधिवक्ता गण, पत्रकार बन्धु, राजनीतिज्ञ बन्धु सबने अपनी भावनाओं को प्रकट कर के मेरे प्रस्थान की घड़ी को बहुत कठिन बना दिया है। आशा करता हूँ जो सम्मान आपने प्रकट किया है, उसके मापदंड पर आगे भी कार्य कर पाऊं। आपकी शुभकामनाएँ साथ ले कर अगली तैनाती की ओर अग्रसर हो रहा हूँ। मेरी शुभकामनाएँ आपके साथ हैं। उन्होंने कहा कि लोक कार्य अथवा व्यक्तिगत कार्य मे पुन: कभी भेंट होगी। तब तक के लिए सबको हृदय की गहराइयों से धन्यवाद एवं प्रणाम। मंच का संचालन कलेक्ट्रेट परिसर में वरिष्ठ सहायक शहंनशाह व विकास भवन में जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त कलेक्ट्रेट परिवार, विकास भवन के समस्त अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी, समाज सेवी, मीडिया बन्धु व जनपदवासी उपस्थित रहे।

## भरथना के नए अधिशाषी अधिकारी होगें अनूप राय

संवाददाता, भरथना,इटावा। भरथना नगर पालिका परिषद के नये अधिशाषी अधिकारी अनूप राय होगें। बुधवार को उन्होंने कार्यालय पहुँचकर कार्यभार ग्रहण करते हुए पालिका के कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। इससे पूर्व वह नगर पंचायत जसराना (फ़िरोजाबाद) में अधिशाषी अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। शासन द्वारा उनकी प्रोन्नति उपरान्त उन्हें नगर पालिका परिषद भरथना में अधिशाषी अधिकारी के रूप में कार्यरत किया गया है। इस दौरान प्रधान लिपिक अरविन्द यादव, आदित्य प्रताप सिंह भदौरिया, आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव,सन्तोष कुमार,राजीव सोलंकी,अरविन्द रावत,पंकज चौहान,राजेन्द्र कुमार,साहेब खां,महेन्द्र पाल सिंह आदि सहित समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## ब्रेक लगाते ही डंपर में पीछे घुसी बस

संवाददाता, इटावा। दिल्ली से कानपुर की ओर जा रही एक प्राइवेट बस नेशनल हाईवे पर बस के आगे चल रहे डंपर के अचानक ब्रेक लगाने का कारण जा घुसी प् हादसे में तीन महिलाओं समेत कुल 5 लोग घायल हुए जिनको पुलिस के द्वारा जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जबकि दो लोगो की हालत गंभीर होने पर रेफ़र किया गया। बुधवार की सुबह करीब सवा चार बजे इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिलखर नहर पुल के आगे दिल्ली से कानपुर की ओर जा रही बस तेज गति में होने के कारण आगे चल रहे डंपर के ब्रेक लगाने पर डंपर में घुस गई। इस घटना में प्रतिभा शुक्ला 50 पत्नी ओम नारायण, प्रतिभा शुक्ला 29 पत्नी विपिन निवासी फ़जलगंज कानपुर,जानसी 20 पुत्री बबलू पाल निवासी जे 34 थाना बर्रा जनपद कानपुर व अशोक मिश्रा 55 पुत्र मुंशीलाल मिश्रा निवासी कानपुर व राबिन 30 पुत्र छोटेलाल निवासी नंद गांव थाना गाजियाबाद घायल हो गए। घटना की जानकारी होने पर पहुंची इकदिल थाना पुलिस ने सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में पहुंचाया जहां पर डाक्टर की देखरेख में घायलों का उपचार किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद अशोक व राबिन की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल से उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफ़ई के लिए रेफ़र किया गया।

## प्रधान चुनाव को पोलिंग पार्टी हुई रवाना

संवाददाता, महेवा,इटावा। महेवा विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पँचायत महिपालपुर में आज दिन गुरुवार 2 मार्च को होने वाले प्रधानी के मतदान हेतु ब्लॉक परिसर से पोलिंग पार्टियां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना हो गई है। विदित हो कि आम चुनाव में चुने गये प्रधान अजब सिंह की बीमारी के चलते निधन हो गया था। जिसके बाद हो रहे उपचुनाव हेतु बुधवार को ब्लॉक परिसर से पोलिंग पार्टियां रवाना की गई, इस अवसर पर चुनाव अधिकारी डॉ.मनोज कुमार गुप्ता व भरथना के सीओ विवेक जावला की मौजूदगी में पोलिंग पार्टी की बस बूथ संख्या 281 व 282 पर मतदान कराने को रवाना की गई।यहां दिनांक 2 मार्च गुरुवार की सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। जानकारी के अनुसार दो पोलिंग पार्टियों में कुल 8 सदस्य व करीब दर्जन भर पुलिस कर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था में बस को रवाना किया गया है। इस अवसर पर सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद,सहायक विकास अधिकारी पँचायत श्याम वरन राजपूत,महेवा पुलिस चौकी प्रभारी रविन्द्र सिंह मय फोर्स मौजूद रहे।

# जांच शिविर में मिले दो मोतियाबिंद के मरीज

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

भरथना,इटावा। भरथना की समाजसेवी संस्था लायंस क्लब के तत्वाधान में बुधवार को सेठ रतन दास सिंधी की स्मृति में निशुल्क नेत्र,दंत,मधुमेह,स्त्री रोग एवं रक्तचाप आदि का स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भरथना कस्बा के जवाहर रोड़ स्थित जामा मस्जिद के बराबर में संचालित परगणित विद्यालय में लगाया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में 160 मरीजो ने अपना रजिस्टेशन कराकर विभिन्न रोगों से संबन्धित अपने स्वास्थ्य निशुल्क निशुल्क जांच कराई। चिकित्सकों द्वारा करीब 160 मरीजों की विभिन्न जांचें कर उन्हें उचित सलाह देते हुए निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराईं। शिविर में उपस्थित नेत्र परीक्षक डॉक्टर के.सी.अग्निहोत्री कानपुर,




फिज़ीशियन डा.सुजाता यादव भरथना,दंत परीक्षक डॉ.मंजरी गुप्ता भरथना आदि चिकित्सकों ने मरीजों के नेत्र,दंत,मधुमेह,स्त्री रोग एवं रक्तचाप आदि का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस अवसर पर नेत्र चिकित्सक को दो मरीज मोतियाबिंद रोग से ग्रसित मिलें, जिन्हें उचित सलाह व दवाइयां देकर मोतियाबिंद आपरेशन कराने की भी सलाह दी गई है। शिविर में प्रमुख रूप से लॉयन सदस्यो में संयोजक गोरल दास नंदवानी,लॉयन राम मनोहर पोरवाल,लॉयन अखिलेश पोरवाल, लॉयन सुनील पोरवाल,

लॉयन अनुराग पोरवाल,लॉयन देवेंद्र सिंह चौहान आदि लॉयन सदस्यों की उपस्थित उल्लेखनीय रही।

## खोजी अभियान जिले में खोजे गए बीस क्षय रोगी

संवाददाता, इटावा। इटावा के जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.शिवचरण ने कहा है कि जनपद में शुरू हुए सक्रिय क्षय रोगी खोजी अभियान के तहत पिछले सात दिनों में अब तक 20 नए टीबी के मरीज खोजे गए। अभियान के दौरान पहले की तुलना में लोग टीबी के प्रति जागरूक दिख रहे हैं और जांच भी करा रहे है।उन्होंने बताया कि यदि टीबी की पहचान शुरुआती दिनों में हो जाए और मरीज को लगातार छह माह ठीक से इलाज मिले तो व्यक्ति जल्द स्वस्थ हो सकता है। 2 हफ्ते से अधिक समय तक खांसी आने, खांसी के साथ बलगम आने, बुखार रहने और वजन कम होने पर टीबी की जांच अवश्य करवाएं। उन्होंने अपील की है कि घर-घर जाकर स्क्रीनिंग करने वाली स्वास्थ्य टीमें जब आपके यहां जांच करने आए तो अपनी जांच अवश्य करवाएं। एसटीएस योगेंद्र ने बताया कि पिछले दिनों अभियान के तहत जिला कारागार में भी कैदियों की स्क्रीनिंग की गई थी उनमें से एक कैदी को टीबी की पुष्टि हुई है। उसको भी कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए जल्द से जल्द जिला क्षय रोग चिकित्सालय में भर्ती कराया जाएगा। जिला समन्वयक कंचन तिवारी ने बताया कि पिछले सात दिनों में 169240 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। इसमें 900 संभावित क्षय रोगियों के सैंपल लिए गए। उन्होंने बताया कि अब तक अभियान के तहत 20 क्षय रोगी खोजे गए। सक्रिय खोजी अभियान के तहत सती मोहल्ला की आशा वर्कर ने बताया कि घर-घर जाकर खोजी अभियान के तहत 25 मार्च को 60 वर्षीय अजय (काल्पनिक नाम) की बलगम की जांच की गई और सीबी नेट जांच में उन्हें टीबी की पुष्टि हुई।अजय ने बताया कि पिछले कई दिनों से मुझे बुखार आ रहा था और खांसी भी नहीं जा रही थी कई जगह दवा करवाई लेकिन आराम नहीं मिल पा रहा है और स्थिति यह हो गई है वर्तमान में मैं चल फ़िर नहीं पा रहा हूं। अजय ने बताया घर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मेरे बलगम की जांच की जिसके बाद मुझे टीबी की पुष्टि हुई। उन्होंने बताया कि पहले मैं टीबी हॉस्पिटल में भर्ती होने के लिए राजी नहीं था लेकिन आशा प्रीति व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मुझसे संपर्क किया और सरकार की तरफसे मिलने वाले उपचार और सुविधाओं के बारे में बताया और समझाया अगर मैं भर्ती हो जाता हूं तो जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाऊंगा जिसके बाद मैं 28 फ़रवरी को क्षय रोग चिकित्सालय में भर्ती हुआ।

## हैंड वॉश डे पर बच्चों को समझाया स्वच्छता का महत्व



स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

अंबेडकर नगर। बाल विकास परियोजना अधिकारी जलालपुर और भियांव ने कई सेंटरों पर हैंड वॉश डे के अवसर पर इसका डेमो करके दिखाया। सीडीपीओ ने अपने डेमो में सुमन के विधि के माध्यम से हाथ धोने की प्रक्रिया को कई आंगनबाड़ी केंद्रों और प्राथमिक विद्यालयों में दिखाया। सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालय जयपुर में वहां के प्रधानाध्यापक रामसकल बर्मा और सहायक अध्यापक महेंद्र कुमार मौर्य के साथ कार्य करती शेष लता सुशीला और शशि सिंह उपस्थिति में आंगनबाड़ी के बच्चों और प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को कतार में खड़े करके यह बताया की यदि हमें स्वस्थ रहना है तो स्वच्छता को अपनाना है हर हाल में व्यक्तिगत स्वच्छता के क्रम में हैंड वास एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है बस आवश्यकता यह है उचित तरीके से हाथ धोया जाए सुमन के विधि के माध्यम से सीडीपीओ ने बताया सबसे पहले हमें सामने से हाथों को साफकरना है आपस में रगड़ कर फ़िर दोनों हाथों को एक दूसरे के ऊपर रगड़ कर फ़िर मध्य भाग को आपस में रगड़ कर इसके पश्चात अंगूठे को रगड़ कर तथा अंत में नाखूनों को हथेली पर रगड़ करके और कलाई को साफकरके हम लगभग 20 सेकंड तक साबुन के झाग से हाथों को धो सकते हैं तभी बैक्टीरिया या वायरस या कोई गंदगी से हाथ मुक्त होता है हमें यह ध्यान देना है कि हाथों को धोनी के पश्चात ही नाश्ता करना है या खाना खाना है यदि हमने अपने हाथों को स्वच्छ रखा तो निश्चित तौर पर हम पूर्णरूपेण स्वस्थ रहते हुए अपने समाज को स्वस्थ रख सकते हैं।

# घरेलू गैस सिलेंडर का दाम बढ़ने से गरीबों की जेब ढीली, कैसे बनेगी होली - विनोद यादव

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

सुलतानपुर! महंगाई की मार से जनता परेशान घरेलू गैस सिलेंडर के बढ़े दाम से गृहणियों में नाराजगी साफ देखी जा सकती है ! दाम बढ़ने से गरीबों की रसोई का हाल बेहाल हो गया है। उत्तर प्रदेश के चुनाव के दौरान होली और दीवाली पर मुफ्त गैस सिलिंडर देने की बात हो रही थी, और अब होली से पहले उपभोक्ताओं को जोर का झटका धीरे-धीरे दिया जा रहा है ! क्या यही है रामराज्य ।हिंदुओं के त्योहार होली पर आम जनता को झटका देते हुए घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढने से कथनी और करनी में अंतर जरूर दिख रहा है ! शायद यही है अच्छे दिनों का वादा । अब गैस सिलेंडर महंगा होने से आम जनता को क्या क्या फायदा होगा सरकार जनता को इसके फायदे भी बताएगी ! शायद इस महंगाई को भी देश हित से जोड़कर स्वादिष्ट व्यंजन की तरह जनता को परोसा जाएगा ! जहां एक तरफघरेलू सिलेंडर के 50 रुपये प्रति सिलेंडर दाम बढ़ा दिए गए हैं वहीं कमर्शियल सिलेंडर के दाम भी 350 रुपये पहले से बढा दिए गये हैं । इस महंगाई का सबसे अधिक बोझ गरीबों के ऊपर पड़ना निश्चित है ।आम जनता पर होली से पहले महंगाई का बड़ा अटैक माना जा सकता है ! सरकार ने होली से पहले आम जनता को महंगाई का तड़का लगाया है ।रसोई गैस सिलेंडर में ये इजाफा करीब 8 महीने के बाद पुन:देखने को मिला है। अब गैस सिलेंडर दिल्ली में 1103 रुपये में मिलेगा. गौरतलब है कि अभी इसका दाम 1053 रुपये था. इसी तरह मुंबई में यह सिलेंडर 1052.50 रुपये के बजाय 1102.5 रुपये में बिकेगा ।रसोई गैस सिलेंडर के साथ ही 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर के दाम में 350.50 रुपये का बड़ा इजाफा किया गया है. इसके बाद दिल्ली में इसकी कीमत 1769 रुपये से बढ़कर 2119.5 रुपये, मुंबई में 1721 रुपये की जगह 2071.5 रुपये, कोलकाता में ! रेट 1870 रुपये से बढ़कर 2221.5 और चेन्नई में 1917 रुपये के बजाय 2268 रुपये हो गए हैं। सवाल यह हैं कि अब कैसे बनेंगे होली के पकवान,कब तक जारी रहेंगे लूट के ये फ़रमान ? शायद बहुत दिनों से विकास की गाड़ी रूकी हुई थी। खैर जब से भाजपा आई हैं कमर तोड़ महगाई लायी कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी ! ऐसा इसलिए कि इसके पूर्वर्ती सरकारों में एक रुपये डीजल पेट्रोल और गैसें के दामों में बढोतरी हो जाती




थी तो सर पर गैस सिलेंडर लेकर सदन से सड़क तक हंगामा हो जाता था ।घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में वृद्धि लगातार हो रहीं हैं ! प्रदेश सरकार की पाँच सौ रुपए में गैस सिलेंडर देने की योजना पर अब अनुदान का आर्थिक भार अतिरिक्त पड़ रहा हैं ! केन्द्र सरकार पेट्रोल , डीजल एंव गैस सिलेंडर के मूल्यों में भारी वर्द्धि जैसे मुद्दों को लेकर ही प्रथम बार सत्ता में आई थी ! इनके दामों में कमी कर जनता को राहत देने में यह भी नाकाम रही है !

# रोजगार के लए पीयू प्रयासरत : प्रो. निर्मला एस. मौर्य

## कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर जौनपुर के कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र और पीएमजी कॉमर्स एज फाउंडेशन के बीच बुधवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षर किया गया। एमओयू के दौरान कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य नोडल अधिकारी डा. राजकुमार और पीएमजी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ प्रतीक सिंह थे। कुलपति प्रो. मौर्य विश्वविद्यालय में शिक्षा और रोजगार के अवसर के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। यह दसवां एमओयू है, जिससे विश्वविद्यालय को हर क्षेत्र में नई ऊचाई मिल रही है। कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि इस करार से उत्तर प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन के अंतर्गत डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं माइक्रो फाइनेंस एक्जीक्यूटिव पाठ्यक्रम के सर्टिफिकेट कोर्स चलाये जा रहे हैं। 27-27 प्रशिक्षुओं के दो बैच (कुल अवधि 400 घंटे) उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत



डोमेस्टिक डाटा इंट्री ऑपरेटर और दो बैच (कुल अवधि 400 घंटे) माइक्रो फाइनेंस एग्जीक्यूटिव के सर्टिफिकेट कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। इससे विश्वविद्यालय के आस-पास के ग्रामीण बेरोजगारों को रोजगार तो मिलेगा ही साथ ही उनके कौशल का भी विकास होगा। उन्होंने कहा कि हमारी यह मंशा केवल शिक्षा की उत्कृष्टता के लिए ही नहीं बल्कि सामाजिक हितों के लिए भी विश्वविद्यालय को समाज मे आगे लाकर कार्य करना चाहती है। इन प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वारा सबको हुनर सबको काम को भी मूर्त रूप देने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय और एक कदम आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ. राजकुमार इस केंद्र के उद्देश्य को पूर्ण करने हेतु प्रयासरत हैं। केंद्र का लक्ष्य बड़ी संख्या में युवाओं के कौशल का संवर्धन तथा उन्हें उद्योग से संबंधित कौशल प्रशिक्षण लेने में सक्षम बनाना है, जो उन्हें बेहतर आय प्राप्त करने में मदद करेगा। ऐसे युवा जो स्कूल ध् कॉलेज छोड़ चुके हैं एवं बेरोजगार हैं, वे इस प्रशिक्षण केंद्र में दिए गए अल्पावधि प्रशिक्षण से लाभ प्राप्त कर सकते हैं।प्रशिक्षण प्रात्प करने के बाद पीएमजी कॉमर्स एज फाउंडेशन भदोही व्यावसायिक ध् रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार प्रदान करने में मदद कर रही है। एमओयू के अवसर पर डॉ प्रतीक सिंह, डॉ राज कुमार , डॉ मनीष प्रताप सिंह, डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी डॉ सुनील कुमार, चीफवार्डन सिंह प्रो. रजनीश भास्कर डॉ प्रमोद कुमार विश्वकर्मा, राजन कुमार गुप्ता, अभिषेक कुमार यादव आदि थे।

# तकनीकी सहायक की दबंगई से प्रधान परेशान

## तकनीकी सहायक दिलीप ने 101 मीटर बाउंड्री वाल को 93 मीटर में किया दर्ज, ग्राम प्रधान ने लगाई न्याय की गुहार

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

मौदहा,हमीरपुर। ग्रामीण क्षेत्र की हो अथवा शहरी दोनों ही विभागों में संबंधित अधिकारी अपने क्षेत्र का विकास कराने के बजाय खुद का विकास करने में अधिक रूचि लेते है। विकास कार्यों के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई ठिकाने लगाकर स्वीकृत विकास निधि की आधी राशि से अधिक लंबे समय से बंदरबांट हो रही है सरकार बनकर बैठे जनप्रतिनिधी जहां भ्रष्टाचार से मिल रही अतिरिक्त आय को प्रसाद समझकर ग्रहण करते हैं। वही भ्रष्टाचार का ईश्वर बना प्रशासनिक अमला भी भोग लगाए बिना विकास को पनपने नहीं देता। फ़िलहाल ताजा मामला हमीरपुर जिले के विकासखंड मौदहा के ग्राम पिपरौंदा का है। जहां प्रसाद और भोग में संतुलन बिगड़ने के बाद शुरू हुई महाभारत जगजाहिर हो रही है। बीते बुधवार को ग्राम शायर के प्रधान प्रदीप विश्वकर्मा ने खंड विकास अधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए अवगत कराया था। कि ग्राम पंचायत में तैनात तकनीकी सहायक दिलीप कुमार शुक्ला गांव में होने वाले विकास कार्यों में कमीशन न देने पर गांव में कोई भी काम ना करा पाने की धमकी देता है। और दबाव बनाता है वहीं इंकार करने पर गांव में कोई काम ना करा पाने की धमकी देता है। ज्ञातव्य है कि वह स्थानीय निवासी है इस कारण वह हनक जमाता है। इसके पहले सुमेरपुर विकास खंड में तैनाती की अवधि में तकनीकी सहायक दिलीप कुमार शुक्ला की प्रधानों और स्टाफद्वारा इनके दूर व्यवहार और कमीशन मांगने की शिकायत की गई थी। इसके फ़लस्वरूप तकनीकी सहायक दिलीप कुमार शुक्ला का वंहा से स्थानंतरण किया गया था। लेकिन साठ गांठ बनाने के बाद तकनीकी सहायक दिलीप शुक्ला मौदहा विकास खंड आ गए। कई ग्राम प्रधान नाम न छापने की शर्त पर इनकी दबंगई वा बिना कमीशन लिए काम ना करने की शिकायत करते है। और स्थानीय होने की वजह से वह हनक जमाता है। इसके पहले सुमेरपुर विकासखंड में तैनात था। तकनीकी सहायक दिलीप कुमार वहां से भी शिकायत करने के बाद इसका स्थानांतरित द्वारा किया गया था। लेकिन सांठगांठ बनाने के बाद तकनीकी सहायक दिलीप कुमार मौदहा विकासखंड आ गए और लोकल में इनकी हनक है।जिसकी जांच अभी अंजाम तक पहुंच भी नहीं सकी थी। कि ग्राम प्रधान ने भी खंड विकास अधिकारी से उक्त तकनीकी सहायक पर कमीशन मांगने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। ग्राम प्रधान ने बताया कि तकनीकी सहायक की मर्जी के हिसाब से कमीशन न देने पर गांव के प्राथमिक विद्यालय में 104 मीटर की बनी बाउंड्री को 93 मीटर दिखाया है। उक्त तकनीकी सहायक की कमीशन खोरी के चलते सरकार द्वारा चलाई जा रही। जन कल्याणकारी मनरेगा जैसी योजनाओं प्रभावित हो रही है। जिससे गरीबों को काम न मिलने से मजदूर पलायन को मजबूर हो रहे हैं। गांव प्रधान ने प्रार्थना पत्र देते हुए उक्त टीमें को पंचायत से तत्काल हटाने की मांग की है। ताकि गांव के रुके हुए विकास कार्य बिना कमीशन के कराए जा सके वही वही खंड विकास अधिकारी भैरव प्रसाद ने अपना पाड़ला झाड़ा कमीशन खोरी की बात सिरे से खारिज करते हुए। बताया कि दोनों में आपसी कहासुनी होने की जानकारी मिली है। कहासुनी किस बात पर हुई इसकी जांच सहित बाउंड्री वाल की नाक कराने के बाद दोषी पाए जाने पर तकनीकी सहायक पर विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

# कार्यकर्ताओं की सहभागिता से फिर मोदी सरकार बनाएगी : ओंकार

❑ बूथ शसक्तीकरण बूथ की शक्ति और जीत की गारंटी है : विभवनाथ भारती

❑ बूथ सशक्तिकरण यमुनापार जिला कार्यशाला भाजपा जिला कार्यालय मे सम्पन्न

संवाददाता

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज यमुनापार बूथ सशक्तिकरण अभियान जिला कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को जिला कार्यालय प्रयागराज मे जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती के अध्यक्षता में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी ओंकार नाथ केसरी ने कहा बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत बूथों का गठन एवं सत्यापन कर सक्रिय व स्वच्छ छवि के कार्यकर्ताओं की सहभागिता कर 2024 मे पुनः कमल खिलाकर मोदी सरकार बनाकर देश को पुनः विश्वगुरु बनाने के सपने को पूरा करना होगा। श्री केसरी ने कहा पार्टी हमारी मां के समान है इसका




अपमान करने वाले या पार्टी के विरूद्ध कार्य करने वालों से सावधान रहने की आवश्यकता है। जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती ने विषय को रखतें हुए कहा बूथ सशक्तिकरण के सभी बिन्दु हर हालत में पूरा करना है। संगठन के मजबूती की नींव बूथ शसक्तीकरण बूथ की शक्ति और जीत की गारंटी है। बूथ सशक्तिकरण अभियान के जिला संयोजक राजेश्वरी प्रसाद तिवारी ने सभी विषयों के जिला संयोजकों की घोषणा करते हुए कार्यकर्ताओं के जिम्मेदारियों की घोषणाएं की। आईटी जिला संयोजक शतीश विश्वकर्मा ने शोशल मीडिया व आईटी का विषय रखा। जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने मन की बात के विषय को रख आगामी 100वें एपिसोड की योजना बनाई। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राजेश शुक्ला ने किया। इस अवसर पर पुष्पराज सिंह पटेल, विजय शंकर शुक्ला, मनोज पासी, रमाकांत विश्वकर्मा,जय सिंह पटेल, अशोक पाण्डेय,सरदार पतिविंदर सिंह, सुभाष सिंह पटेल, सुधाकर पाण्डेय,सविता मिश्रा,कुशल जैन,अरुण सिंह,सलिल तिवारी आदि के साथ सभी जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष एवं बूथ सशक्तिकरण अभियान में लगे कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कोल्ड ड्रिंक में नशा देकर किशोरी से गैंगरेप,होश आने पर परिजनों को बताई घटना

संवाददाता, कन्नौज। जिले के तिर्वा में एक किशोरी के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पहले दोस्ती की, फिर कोल्डड्रिंक पिलाकर किशोरी को बेहोश कर दिया। इसके 4 लोगों ने बारी-बारी उसके साथ रेप किया। होश आने पर किशोरी अपने घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने सभी चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मुख्य आरोपी को पकड़ लिया है। ठठिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान ने बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी के साथ क्षेत्र के ही महानन्देपुरवा गांव के रहने वाले कपिल यादव ने दोस्ती कर ली। तिर्वा में उसने बेटी को कोल्डड्रिंक पिलाई। जिसमें बेहोशी की दवा मिला दी थी। बेहोशी की हालत में वह किशोरी को तिर्वा क्षेत्र के चंदियापुर गांव में एक स्कूल के पास ले गया। जहां कपिल ने अपने 3 अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके साथ रेप किया। होश में आने पर किशोरी किसी तरह अपने घर पहुंची।

## पीडीए की रिपोर्ट बाद आरोपियों के घर पर गरजेगा बुलडोजर

संवाददाता, प्रयागराज। राजूपाल हत्याकाण्ड के मुख्य गवाह व अधिवक्ता उमेश पाल और उनके गनर संदीप निषाद के हत्याकांड में नामजद आरोपियों के घर पर बाबा का बुलडोजर गरजेगा। प्रयागराज विकास प्राधिकरण शूटरों की संपत्तियों का विवरण जुटाने में जुट गया है। पुलिस की मदद से उनके भवनों और प्लाटों की सूची तैयार कराई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कड़े तेवर देखकर पीडीए उमेश पाल हत्याकांड के आरोपियों की संपत्तियों को चिह्नित करने में जुट गया है। उमेश पाल की हत्या के आरोपियों पर सख्त कार्रवाई के लिए पीडीए का शिकंजा कसने लगा है। सीएम ने उमेश पाल हत्याकांड के बाद विधान सभा में कहा था कि माफिया को मिट्टी में मिला देंगे। इसके बाद इन शूटरों के घरों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी तेज कर दी गई है। इनमें अब तक कई नामजद आरोपियों के घरों का विवरण जुटाया गया है। बरहाल उमेश पाल हत्याकांड में नामजद पूर्व सांसद माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ के घर पर पहले ही बाबा का बुलडोजर गरज चुका है। अब गुलाम, अरबाज के अलावा कई आरोपियों की संपत्तियों का विवरण जुटाया जा रहा है।

## संभव जनसुनवाई में आई 74 शिकायतें

संवाददाता, प्रयागराज। नगर निगम में फरियादियों ने अपनी समस्याएं नगर आयुक्त चंद्र मोहन घर को सुनाई ।जिसमें कुल 74 शिकायतें प्राप्त हुई। जन शिकायतों के अविलम्ब गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने हेतु नगर आयुक्त द्वारा सम्बन्धित अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये और यह भी निर्देशित किया गया कि गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय। सम्भव जनसुनवाई बैठक के दौरान अपर नगर आयुक्त अरविन्द राय, जोनल अधिकारी अमरजीत यादव संजय ममगई, मदन गोपाल, नीरज सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी,जन सम्पर्क अधिकारी पी.के.द्विवेदी, पर्यावरण अभियन्ता उत्तम वर्मा,मुख्य अभियन्ता सतीश कुमार,नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. अभिषेक सिंह, पशुधन अधिकारी डा.विजय अमृत राज, अधिषाशी अभियन्ता विद्युत राधे कृष्ण लाल, नजमी मुजफ्फर, उमेश चन्द्र उपाध्याय, लेखाधिकारी, अक्षय कुमार तथा कार्यालय अधीक्षक अनुपमा श्रीवास्तव आदि अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## गौतम आजाद जिला प्रभारी गढ़ व ललित राज वर्मा जिला मीडिया प्रभारी भीम आर्मी के पद पर नियुक्त

संवाददाता, जनपद हापुड़ में भीम आर्मी भारत एकता मिशन के बढ़ते हुए कारवां को देखते हुए लोगो में उत्साह सा नजर आ रहा है और लोग शोषित,वंचित दलित व पिछड़ों की आवाज को उठाने वाली भीम आर्मी से जुड़ते जा रहे हैं। वही पुराने कार्यकर्ताओं की भी नाराजगी को दूर कर जुड़ने लगे है। वही भीम आर्मी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह आजाद के बाद हापुड़ की जनता एक बार फिर भीम आर्मी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं पर विश्वास करने लगी हैं वही जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह आजाद ने अपने पुराने कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करते हुए उन्हें वापस संगठन से जोड़ने का काम कर रहे हैं और अपने नेतृत्व में ललित राज वर्मा को भीम आर्मी जिला मीडिया प्रभारी व गौतम आजाद को जिला प्रभारी गढ़ की जिम्मेदारी देते हुए ईमानदारी पूर्ण अपने पद की गरिमा को बनाए रखते हुए कार्य करने को कहा और इस मौके पर अध्यक्ष के साथ साथ जिला उपाध्यक्ष नवीन गौतम, जिला कोषाध्यक्ष वीर सिंह, गोपाल मिस्त्री, राजपाल सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्वर्गीय संजय मिश्रा की पुण्य आत्मा के लिए हुआ सुंदरकांड पाठ एवं हवन

संवाददाता

प्रयागराज। इफको घियानगर फूलपुर में इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के दिवंगत अध्यक्ष स्वर्गीय संजय कुमार मिश्र के असामयिक स्वर्गवास उपरांत उनकी पुण्यात्मा की शांति के लिए घियानगर परिसर में स्थित श्रीराम मंदिर में भावपूर्ण श्रद्धांजलि,सुन्दर कांड पाठ एवं शांति हवन का आयोजन किया गया। स्व. संजय कुमार मिश्र बड़े ही धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे और पिछले लगभग 30 वर्षों से हर मंगलवार को श्रीराम मंदिर परिसर में सुंदर कांड का पाठ किया करते थे। बड़ी संख्या में इफको घियानगर परिवार के लोग उनकी आत्मा की



शांति के लिए प्रार्थना किया। इस दौरान लोग उन्हे याद कर के भावुक हो गए उनके निधन से मंदिर में भी शून्यता के भाव का अनुभव किया गया। कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा सुन्दर कांड का पाठ पढ़ा एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए हवन किया। मुख्य यजमान संयुक्त महाप्रबंधक पी.के.सिंह रहे। इस दौरान ऑल इंडिया इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी,संयुक्त महाप्रबंधक में संजय भंडारी, पी.के.पटेल, रत्नेश कुमार, अरूण कुमार व अन्य संयुक्त महाप्रबंधक शामिल रहे। विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफको इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव, जनसम्पर्क अधिकारी सोनू तिवारी, मुख्य पुजारी रंजीत मिश्र व अन्य बड़ी संख्या में इफको परिवार के लोग इस धार्मिक एवं भावुक कार्यक्रम में शामिल थे।

## अवैध तमंचे के साथ पुलिस ने किया युवक को गिरफ्तार

संवाददाता, कानपुर। थानाध्यक्ष रावतपुर की अगुवाई में उ0नि0 ओमप्रकाश मय उ0नि0 विकास कुमार गुप्ता व उ0नि0 विजय सिंह के साथ देखभाल केशवपुरम क्षेत्र रोकथाम जुर्म जरायम पेंडिंग विवेचना में मामूर थे कि जैसे स्कार्टवर्ड स्कूल के पास पहुचे मुखविर खास सूचना मिली कि एक व्यक्ति नाजायज तमंचा लेकर दलहन क्रासिंग की ओर से सिलेण्डर चौराहे की तरफआ रहा है। तब पुलिस युवक को घेर कर दबोच लिया आवश्यक बल प्रयोग कर बम्बा पुलिया से लगभग 50 कदम पहले दलहन क्रासिंग रोड पर पकड़ लिया पकड़े गए व्यक्ति से भागने का कारण पूछते हुए नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम आशु गौड़ उर्फ आशुतोष कश्यप पुत्र दयाशंकर गौड़ नि0 91 ।मकड़ीखेड़ा कल्यानपुर थाना कल्यानपुर कानपुर



नगर उम्र 24 वर्ष के कब्जे से एक 315 बोर तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। भागने का कारण पूछने पर बताया कि साहब में काकादेव थाने में 2017 में लूट के मुकदमे मे जेल गया था पकड़े जाने के डर से भाग रहा था अभियुक्त उपरोक्त को उसके जुर्म धारा 3/25 आर्म्स एक्ट से अवगत कराते हुये दिनांक 27.02.2023 को समय करीब 17.50 बजे हिरासत पुलिस मे लिया गया। माल बरामद कर अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

## उमेश पाल हत्याकाण्ड में शामिल क्रेटा कार मालिक नफीस को एसटीएफ ने उठाया

संवाददाता

प्रयागराज। उमेश पाल हत्याकांड में इस्तेमाल क्रेटा कार मालिक नफीस अहमद को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बिरयानी रेस्टोरेंट संचालक नफीस को खुल्दाबाद में उसके घर से उठा लिया। उमेश पाल हत्याकांड में इस्तेमाल की गई सफेद क्रेटा कार नफीस की ही थी। जिसे बताया जा रहा है कि उसने एक महिला को बेच दिया था। पुलिस नफीस की भूमिका की छानबीन कर रही है। नफीस अहमद अतीक अहमद गैंग का सक्रिय सदस्य हैं तो वहीं नफीस अहमद अतीक अहमद गैंग को



आर्थिक रूप से मजबूत करता है। नफीस अहमद सिविल लाइंस में ईट ऑन बिरयानी हाउस का मालिक है। नफीस अहमद जेल में बंद अतीक अहमद व उसके भाई अशरफ को पैसा भेजता है। नफीस अहमद सीए, एनआरसी आंदोलन में शामिल लोगों को मुफ्त में बिरयानी खिलाता था। ईट ऑन बिरयानी हाउस नजूल भूखंड पर अवैध रूप से भाजपा नेताओं से मिलकर संचालित कर रहा है। नफीस अहमद की गिरफ्तारी के बाद ईट ऑन बिरयानी हाउस पर ताला लगा दिया गया है। ईट ऑन बिरयानी को पहले से गिराने का हुआ था आदेश, लेकिन सेटिंग कर खुलेआम संचालित किया जा रहा है। जिसको लेकर प्रयागराज विकास प्राधिकरण व नगर निगम पर कई सवाल उठ रहे हैं। ध्वस्तीकरण आदेश के बाबजूद ईट ऑन बिरयानी खुलेआम संचालित हो रहा था।

## नासिर हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य कैंप लगाया गया

संवाददाता

कानपुर। लखापुर मे मस्जिद के पास नासिर हास्पिटल की तरफ से एक विशाल नेत्र व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे बडी सख्या मे लोगो ने अपने नेत्र व स्वास्थ्य का परिक्षण कराया। नासिर हास्पिटल के डॉ0 नासिर के नेतृत्व मे कैंप मे आये हुए लोगो का स्वास्थ्य परिक्षण करके उनको दवाईयां व स्वास्थ्य के प्रति उचित सलाह भी दी ग्ई ।साथ ही कैंप मे मौजूद डॉ0 नसीम अहमद ने वहां पर आये लोगो का स्वास्थ्य की जांच करके उचित सलाह दी। वहीं नेत्र शिविर मे डॉ0 गीता सिंह के नेतृत्व मे कई लोगो का नेत्र परिक्षण किया गया। जिसमे कुछ लोगो को




दवाईयां दी ग्ई तो कुछ लोगो को मोतियाबिंद का आपरेशन कराने की सलाह भी दी ग्ई ।इस ? मौके डॉ0 नासिर खान ने बताया की पिछले कई सालो से हम लोग जगह-जगह जाकर स्वास्थ्य कैंप का आयोजन कर रहे है।

जिसमे गरीब व असहाय लोगो को भी स्वास्थ्य का लाभ मिल सके। जिसमे हम लोग ब्लड शुगर, बीपी, जांच करने के साथ उनको मुफ्त मे दवाईयां भी दे रहे हैं। स्वास्थ्य कैंप का आयोजन लखापुर प्रधान हृदयेश सिंह के द्वारा किया गया। इस मौके पर डॉ0 आर के सिंह, डॉ0 के के बाजपेयी, हाजी कल्लू ( प्रबंधक) विनोद सिंह, गुडडू सिंह, राजा बेटा ( बाबा जी) गुडडू जमा, रियाज खान, मोहम्मद समीर समेत कई लोग कैंप मे मौजूद रहे।

## मनोरमा एजुकेशन सेंटर स्कूल का इग्निशन 23 हुआ आगाज

संवाददाता

कानपुर। गोविन्द नगर स्थित मनोरमा एजुकेशन सेंटर स्कूल में एनुअल फंक्शन इग्निशन 23 लाजपत भवन मोतीझील में मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना एवं शिव वंदना की धमाकेदार प्रस्तुति से हुई ।कक्षा यू0 के0 जी0 के छात्रों ने पेरेंट्स थीम की प्रस्तुति देखकर बच्चों के साथ-साथ पेरेंट्स भी भावुक हो गये द्यसीनियर सेक्शन के बच्चों द्वारा इनक्रेडिबल इंडिया प्रस्तुति के माध्यम में देश की विविधता में एकता को अपने नृत्य के माध्यम से दर्शाया और साथ ही कोविड वारियर, रामायण, बचपन थीम, बॉलीवुड आदि कार्यक्रम की



प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। मुख्य अथिति के रूप में सांसद सत्यदेव पचौरी एमएलसी अरुण पाठक उपस्थित रहे ।इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर अंकित सिंह, प्रबंधक अमित सिंह, प्रधानाचार्या भक्ति जुनेजा, अन्नू अवस्थी सहित बच्चों के अभिभावक गण एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जे एम एस वर्ल्ड स्कूल में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता आयोजित

संवाददाता, हापुड़। हापुड़ के बाई पास रोड स्थित जे एम एस वर्ल्ड स्कूल में मंगलवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर जिला विज्ञान क्लब द्वारा जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान रखा गया था। जिसमें कक्षा 9 व 11 के विद्यार्थियों तथा इंजीनियर कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा अपना विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम के प्रायोजक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश रहे। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में मान्य सांसद राजेंद्र अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि जिला







विकास अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक ( सचिव, जिला विज्ञान ) पी. के . उपाध्याय , विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर आयुष सिंघल , सचिव डॉक्टर रोहन सिंघल, डॉक्टर प्रधानाचार्य निधि मालिक तथा महेश वर्मा जिला समन्वयक , जिला विज्ञान क्लब ने कार्यक्रम की शुरुवात दीप प्रज्वलन कर तथा कार्यक्रम का उद्घाटन हवा में गुब्बारे छोड़ कर किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने बच्चों को वैज्ञानिक सोच विकसित करने हेतु पुरातन भारतीय विज्ञान के अनेकों उद्धरण दिए साथ ही आगे के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की ।सचिव जिला विद्यालय निरीक्षक पी के उपाध्याय ने बताया कि यह आयोजन राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर महान वैज्ञानिक सी वी रमन की खोज रमन प्रभाव की स्मृति में मनाया जाता है। इस प्रतियोगिता में 87 मॉडल शामिल हुए जिसमे जनपद के लगभग 155 बच्चों ने प्रतिभाग किया ।प्रथम पुरुस्कार में संस्कार कॉलेज से अभिषेक तथा डी पी एस हापुड़ से भविष्य , द्वित्य स्थान पर डी पी एस हापुड़ से दिव्याश तथा तृतीय स्थान पर आर एन एस इंटर कॉलेज से रिया शर्मा को क्रमश 3 हजार ,2 हजार तथा 1 हजार की नगद धनराशि , प्रतीक चिन्ह तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर वैज्ञानिक नदीम ने मेरठ कॉलेज के प्रधानाचार्य की फोटो की भेट

संवाददाता, हापुड़। हापुड़ के गांव नली हुसैनपुर के रहने वाले युवा वैज्ञानिक मौ नदीम मेरठ कॉलेज के एमएससी फिजिक्स के स्टूडेंस है नदीम ने अपनी प्रतिभा का परचम राष्ट्रीयध्अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अनेक अवॉर्ड जीत कर चमकाया है और राष्ट्रीय अनुवेशक, चाइल्ड साइंटिस्ट उत्तर प्रदेश डॉ एपीजे कलाम अवॉर्ड केलीफोरनिया अमेरिका आदि में नाम कमाया है वहीं मेरठ कॉलेज इनोवेटर क्लब के कोऑर्डिनेटर व युवा वैज्ञानिक मौ0 नदीम ने मेरठ कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर एस0एन0 शर्मा सर सी वी रमन की फोटो भेट की और मेरठ कॉलेज के प्रधानाचार्य ने क्लब की प्रशंसा करते हुए बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस को विज्ञान के महत्व और आम लोगों के दैनिक जीवन में सुधार के बारे में संदेश फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इसके अलावा इसके उत्सव में कई



अन्य उद्देश्य का भी ध्यान रखा जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पूरे भारत में स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थानों में मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान के क्षेत्र में सभी गतिविधियों, प्रयासों और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जात है।

# प्रयागराज शूटआउट का मास्टरमाइंड सदाकत की अखिलेश यादव के साथ फोटो वायरल

संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बहुजन समाज पार्टी के विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल हत्याकांड में शूटरों की गाड़ी चलाने वाले आरोपी ड्राइवर अरबाज को कल पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया है। अरबाज पूर्व सांसद माफिया अतीक अहमद के बेटे का ड्राइवर बताया जा रहा है। पूरे षणयंत्र का भी खुलासा हुआ है। गुजरात की साबरमती जेल में बंद अतीक के इशारे पर उमेश पाल हत्याकांड का पूरा षड्यंत्र रचा गया और इसके बाद शूटरों ने इसे अंजाम दिया ।पुलिस ने 7 आरोपियों पर इनाम घोषित कर दिया है। जेल में मिलने पहुंचे व्यक्ति से माफिया अतीक अहमद ने दो लोगों की डिटेल्स बताई थी और उन्हें इस षड़यंत्र में शामिल होने के लिए कहा था ।अतीक ने उसे बरेली जेल में बंद अपने भाई अशरफ से भी मिलने के लिए कहा था ।अशरफ से मिलने के बाद शूटरों का नाम और पूरा षड़यंत्र रचा गया था ।ये पूरा खुलासा गिरफ्तार सदाकत खान से एसटीएफ की पूछताछ में पता चला सदाकत खान का संबंध राजनीति के बड़े-बड़े धुरंधरों के साथ भी रहा है उनकी तस्वीर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ भी है सदाकत माफिया



अतीक अहमद के परिवार का भी करीबी था ।सोशल मीडिया पर सदाकत खान की फोटो पूर्व मुख्यमंत्री सपा मुखिया अखिलेश यादव के साथ वायरल हो रही है ।अखिलेश यादव के साथ अतीक अहमद के बेटे अली अतीक अहमद के साथ भी सदाकत की फोटो सोशल मीडिया पर सामने आई।

एसीपी ने उमेश हत्याकांड के खोले पत्ते प्रयागराज सीपी रमित शर्मा ने मंगलवार को एक सनसनीखेज खुलासा किया ।सीपी ने बताया कि इस हत्याकांड की साजिश मुस्लिम हॉस्टल के कमरे में रची गई थी ।वारदात में शामिल एक साजिशकर्ता सदाकत खान पुत्र शस्मशाद खान को यूपी एसटीएफ ने अरेस्ट किया है। वो गाजीपुर का रहने वाला है। सीपी ने बताया कि सदाकत एलएलबी का छात्र बताया जा रहा है जो कि मुस्लिम हॉस्टल में रह रहा था। सदाकत से पूछताछ की जा रही है। सीपी ने बताया कि सोमवार को मुठभेड़ में मारा गया अरबाज पुत्र अफाक 50 हजार का इनामी था ।इसका अपराधी इतिहास खंगाला जा रहा है। इस मुठभेड़ में एसएचओ को चोट आई है।

CMYK

# डिजिटल अर्थव्यवस्था का 2028-29 तक जीडीपी में 25 प्रतिशत अंशदान : कामत



एजेंसी, मुंबई। राष्ट्रीय अवसंरचना वित्तपोषण एवं विकास बैंक (नैबफिड) के प्रमुख के वी कामत का मानना है कि वित्त वर्ष 2028-29 तक देश के बढ़े हुए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में डिजिटल क्षेत्र का योगदान 25 प्रतिशत तक होगा। उस समय तक देश की अर्थव्यवस्था के 7,000 अरब डॉलर पर पहुंच जाने की भी उम्मीद है। अभी डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान चार प्रतिशत से कम है, जबकि चीन में यह 40 प्रतिशत तक है। सरकार और योजनाकारों का मानना है कि वित्त वर्ष 2028-29 तक जापान को पीछे छोड़ते हुए भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अभी भारतीय अर्थव्यवस्था 3,300 अरब डॉलर है। इसके उस समय तक 7,000 अरब डॉलर पर पहुंचने की उम्मीद है। प्रसिद्ध बैंकर कामत ने बातचीत में कहा, डिजिटल अर्थव्यवस्था- डिजिटल बुनियादी ढांचा, ई-कॉमर्स और अन्य डिजिटल भुगतान और सेवा खंड- देश की वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। वित्त वर्ष 2028-29 तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 7,000 अरब डॉलर होगा। इसमें डिजिटल अर्थव्यवस्था का हिस्सा 25 प्रतिशत होगा जो फिलहाल चार प्रतिशत से कम है। आईसीआईसीआई बैंक के पूर्व चेयरमैन कामत ने कहा, ''चीन की अर्थव्यवस्था का 40 प्रतिशत आज डिजिटल क्षेत्र से आता है, और मुझे ऐसा कोई कारण नहीं दिखता कि हम इसे हासिल न कर सकें।'' नैबफिड के चेयरमैन कामत का मानना है कि बुनियादी ढांचा निवेश को आगे बढ़ाने से रोकने की कोई वजह नहीं है, क्योंकि अर्थव्यवस्था में एक्सप्रेसवे, राजमार्ग, हवाई अड्डे, बंदरगाह और द्रुत गति की रेल के लिए बहुत गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि शहरी कायाकल्प की और परियोजनाएं हो सकती हैं। इसे सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित करने की कोई वजह नहीं है। उन्होंने कहा, ''हमें विश्वस्तरीय शहर बनाने चाहिए और मौजूदा शहरों का भी उन्नयन करना चाहिए। कामत ने कहा कि अगले पांच साल में भारतीय अर्थव्यवस्था दोगुनी होकर 7,000 अरब डॉलर पर पहुंच जाएगी। ऐसे में हमें अर्थव्यवस्था की मांग को पूरा करने के लिए अधिक एक्सप्रेसवे, और हवाई अड्डों तथा बंदरगाहों की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता में फिर गिरावट की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि बैंक बुनियादी ढांचा वित्तपोषण का अभिन्न अंग बने रहेंगे लेकिन दीर्घावधि के कोष के लिए हमें और स्रोतों को भी देखने की जरूरत है।

# बीते सप्ताह अधिकांश खाद्य तेल, तिलहन कीमतों में गिरावट का रुख



एजेंसी, नयी दिल्ली। बीते सप्ताह दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में कारोबार में गिरावट का रुख रहा। सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन और बिनौला तेल कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिली। इसके साथ भारी मात्रा में आयात और लिवाल कम होने से पामोलीन दिल्ली तेल में मामूली गिरावट आई। जबकि मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल कीमतें पिछले सप्ताहांत के स्तर पर बनी रहीं। सस्ते दाम पर वैश्विक मांग होने से केवल पामोलीन कांडला तेल का भाव मामूली सुधार दर्शाता बंद हुआ। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में मंडियों में सरसों की आवक धीरे-धीरे बढ़ना शुरु हो गयी है लेकिन सस्ते आयातित तेलों की भरमार के बीच लिवाली कम है। सरसों, सोयाबीन और बिनौला जैसे देशी तेल-तिलहनों का खपना लगभग मुश्किल हो गया है। सस्ते आयातित तेलों के बीच आगे सूखे मेवे की हैसियत रखने वाली मूंगफली पर भी असर पड़ा है। हालांकि, हल्की स्थानीय मांग के अलावा निर्यात की साधारण मांग होने से इसके तेल-तिलहन के भाव पिछले सप्ताहांत के स्तर पर पूर्ववत बने रहे। कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल सस्ता होने के कारण इसकी वैश्विक मांग है और इस कारण इनकी कीमतों में कोई विशेष घट-बढ़ नहीं दिखी। इस स्थिति के बीच सीपीओ और पामोलीन दिल्ली के भाव पूर्वस्तर पर बने रहे जबकि पामोलीन कांडला तेल के भाव मामूली लाभ के साथ बंद हुए। सूत्रों ने कहा कि देश में जरूरत से कहीं ज्यादा खाद्य तेलों का आयात हो रखा है जिसकी वजह से देशी तेल-तिलहन पस्त हैं। देश की मंडियों में सरसों की आवक शनिवार को बढ़कर 8-8.25 लाख बोरी हो गयी। मध्य प्रदेश के सागर में पिछले साल के बचे सरसों की बिक्री 4,500 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर हुई जो 5,000 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से काफी कम है। इस पुराने सरसों के स्टॉक में तेल की मात्रा थोड़ी कम होती है। सस्ते आयातित तेलों पर नकेल नहीं लगाई गई तो सरसों की नयी फसल भी एमएसपी से नीचे बिक सकती है और तिलहन उत्पादन बढ़ाने का सपना प्रभावित हो सकता है। सूत्रों ने कहा कि देश में एक फरवरी, 2022 को आयात किये जाने वाले खाद्य तेलों का स्टॉक पाइपलाइन में लगभग 18 लाख टन का था जो एक फरवरी, 2023 में बढ़कर 34.5 लाख टन हो गया जो एक रिकॉर्ड ही है। इसपर होने वाले विदेशी मुद्रा खर्च वर्ष 2020-21 में 1.17 लाख करोड़ रुपये था जो 2021-22 में बढ़कर लगभग 1.57 लाख करोड़ हो गया जो लगभग 34 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। सूत्रों ने कहा कि देश में प्रति व्यक्ति खाद्य तेल की खपत लगभग 1.5 लीटर प्रति माह की है। जबकि दूध की प्रति व्यक्ति खपत लगभग 8-10 लीटर प्रतिमाह की है। यदि खाद्य तेल कीमतें महंगी हैं तो ऐसे में देश में तिलहन उत्पादन बढ़ जाना चाहिये था क्योंकि किसानों के लिए इसकी खेती में अधिक फायदा होता। लेकिन यदि ऐसा नहीं है और तिलहन उत्पादन बढ़ने के बाद भी हमारा आयात क्यों बढ़ रहा है? सूत्रों के मुताबिक, पिछले सप्ताहांत के मुकाबले बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 355 रुपये टूटकर 5,480-5,530 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल भी समीक्षाधीन सप्ताहांत में 870 रुपये घटकर 11,280 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। वहीं सरसों पक्की घानी और कच्ची घानी तेल की कीमतें भी क्रमशः 120-120 रुपये घटकर क्रमशरू 1,830-1,860 रुपये और 1,790-1,915 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुईं। सूत्रों ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और लूज के थोक भाव भी क्रमश: 45-45 रुपये घटकर क्रमश: 5,405-5,535 रुपये और 5,145-5,165 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। इसी तरह समीक्षाधीन सप्ताहांत में सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम तेल के भाव भी क्रमश: 470 रुपये, 530 रुपये और 280 रुपये की भारी गिरावट के साथ क्रमश: 11,780 रुपये, 11,550 रुपये और 10,320 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहनों कीमतों के भाव पिछले सप्ताहांत के स्तर पर ही बने रहे। मूंगफली तिलहन का भाव 6,775-6,835 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल गुजरात 16,550 रुपये प्रति क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड का भाव 2,540-2,805 रुपये प्रति टिन पर पूर्ववत बंद हुआ। सूत्रों ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का भाव 8,900 रुपये प्रति क्विंटल पर पूर्ववत रहा। जबकि पामोलीन दिल्ली का भाव मामूली गिरावट के साथ 10,440 रुपये पर बंद हुआ। सस्ता होने के कारण मांग निकलने से पामोलीन कांडला का भाव 20 रुपये का लाभ दर्शाता 9,480 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। देशी तेल-तिलहन की तरह बिनौला तेल भी समीक्षाधीन सप्ताह में 420 रुपये टूटकर 10,280 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# वैश्विक रुझान, घरेलू मोर्चे पर वृहद आंकड़ों से तय होगी बाजार की दिशा

एजेंसी, नयी दिल्ली। शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुझान, घरेलू मोर्चे पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों तथा विदेशी कोषों के रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के लिए क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के आंकड़े और वाहन बिक्री के मासिक आंकड़े भी बाजार की दिशा को प्रभावित करेंगे।

महंगाई की चिंता के बीच अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में और बढ़ोतरी की आशंका से बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,538.64 अंक या 2.52 प्रतिशत नीचे आया। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''बाजार की निगाह अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल तथा डॉलर सूचकांक के साथ वैश्विक रुझानों पर रहेगी। 2023 की पहली छमाही में बाजार की दृष्टि से अमेरिका में ब्याज दरों का परिदृश्य काफी महत्वपूर्ण रहेगा।'' . मीणा ने कहा, ''बाजार अभी भू-राजनीतिक स्थिति पर अधिक प्रतिक्रिया नहीं दे रहा है, लेकिन कोई भी अप्रत्याशित घटनाक्रम-सकारात्मक या नकारात्मक-बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। घरेलू स्तर पर इस सप्ताह हमारे लिए चौथी तिमाही के जीडीपी आंकड़े और वाहन बिक्री के मासिक आंकड़े महत्वपूर्ण रहेंगे।'' ब्रेंट कच्चे तेल की चाल और रुपये-डॉलर का उतार-चढ़ाव भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा।कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट (तकनीकी शोध) अमोल अठावले ने कहा, ''बाजार में यदा-कदा सुस्ती का दौर आ सकता है क्योंकि कई नकारात्मक कारकों की वजह से निवेशक अपनी पोर्टफोलियो में कमी कर सकते हैं।''रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष तकनीकी शोध अजित मिश्रा ने कहा, ''नए माह की शुरुआत के साथ निवेशकों की निगाह महत्वपूर्ण वृहद आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी। जीडीपी और बुनियादी क्षेत्र के आंकड़े 28 फरवरी को आएंगे। इसके अलावा पीएमआई विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के आंकड़े क्रमश: एक मार्च और तीन मार्च को आएंगे। मिश्रा ने कहा कि वाहन बिक्री के मासिक आंकड़े एक मार्च को आएंगे। घरेलू आंकड़ों के साथ वैश्विक बाजार का प्रदर्शन, कच्चे तेल के दाम और रुपये का उतार-चढ़ाव भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिका और रूस के बीच 'शीत युद्ध' फिर शुरू होने के बीच बाजार में तमाम तरह की आशंकाएं पैदा हुई हैं।नायर ने कहा, ''हालांकि, इसका अल्पकालिक असर होगा। लेकिन रूस पर प्रतिबंधों से खाद्य और तेल निर्यात पर पड़ने वाले असर को लेकर चिंता बनी हुई है।''

# बौद्धिक संपदा सूचकांक में भारत 55 देशों में 42वें स्थान पर मौजूद



एजेंसी, वाशिंगटन। अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा (आईपी) सूचकांक के मामले में भारत दुनिया की 55 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से 42वें स्थान पर है। यह आईपी-चालित नवाचार के जरिये भारतीय अर्थव्यवस्था के बदलाव की संभावनाओं को दर्शाता है। अमेरिकी उद्योग मंडल यूएस चौंबर्स ऑफ कॉमर्स के ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी सेंटर की तरफसे शुक्रवार को जारी वार्षिक रिपोर्ट में भारत की बौद्धिक संपदा-आधारित नवाचार गति विधियों की प्रशंसा की गई है। इस रिपोर्ट में अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक को आधार बनाते हुए प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की स्थिति को दर्शाया गया है। ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी सेंटर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पैट्रिक किल्ब्राइड ने कहा, 'भारत का आकार और आर्थिक रसूख वैश्विक पटल पर बढ़ रहा है, ऐसी स्थिति में भारत आईपी-प्रेरित नवाचारों की मदद से अपनी अर्थव्यवस्था का कायाकल्प करने की मंशा रखने वाली उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक अग्रणी देश बन सकता है।' पेटेंस से लेकर कॉपीराइट कानूनों तक का जिक्र करने वाली इस रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने कॉपीराइट अधिकारों के उल्लंघन पर गतिशील निषेधात्मक आदेश जारी कर कॉपीराइट की नकल रोकने के सशक्त प्रयास किए हैं। इसके अलावा आईपी-आधारित कर रियायतें देकर और नकली उत्पादों के बारे में जागरूकता फैलाकर भी भारत ने इस दिशा में उल्लेखनीय काम किया है। किल्ब्राइड ने कहा, 'भारत ने कॉपीराइट का उल्लंघन करने वाली सामग्री के खिलाफकानून प्रवर्तन को सख्त करने के साथ ही आईपी परिसंपत्तियों की बेहतर समझ एवं उपयोग को भी बढ़ावा देने वाला ढांचा खड़ा किया है। हालांकि इस ढांचे में मौजूद खामियों को दूर करना भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए एक नया मॉडल बनाने में अहम होगा।' इस रिपोर्ट में भारत के बौद्धिक संपदा अपीलीय बोर्ड को 2021 में भंग किए जाने और न्यायपालिका पर बढ़ते मामलों के बोझ को चिंता का मुद्दा बताते हुए कहा गया है कि इससे बौद्धिक संपदा अधिकारों को लागू करने की क्षमता प्रभावित होती है।

## भारत ने क्रिप्टो के नियमन पर आईएमएफ, एफएसबी से दस्तावेज तैयार करने को कहा

एजेंसी, बेंगलुरु जी-20 के अध्यक्ष भारत ने अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) और वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) को क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर तकनीकी दस्तावेज मिलकर तैयार करने को कहा है। इसका इस्तेमाल क्रिप्टो संपत्तियों के नियमन के लिए एक समन्वित और समग्र नीति बनाने में किया जाएगा। वित्त मंत्रालय की जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक, जी20 देशों के वित्त मंत्रियों एवं केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बेंगलुरु में जारी बैठक के दौरान आईएमएफएवं एफएसबी इस संयुक्त दस्तावेज को पेश कर सकते हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा, नीतिगत ढांचे की आवश्यकता पर चल रही बातचीत को पूरा करने के लिए, भारत की अध्यक्षता में जी-20 ने आईएमएफऔर एफएसबी के संयुक्त तकनीकी दस्तावेज का प्रस्ताव दिया है, जो जो क्रिप्टो-परिसंपत्तियों के व्यापक आर्थिक और विनियामक मामलों को देखेगा। इससे क्रिप्टो संपत्तियों को लेकर समन्वित और समग्र नीति बनाने में मदद मिलेगी। भारत का मानना है कि क्रिप्टो मुद्राओं के वर्चुअल परिसंपत्ति होने से इसका समुचित नियमन अंतरराष्ट्रीय सहयोग के बगैर नहीं किया जा सकता है।

## हीरो रियल्टी ने गुरुग्राम में 90 करोड़ रुपये में खरीदी जमीन

एजेंसी, नयी दिल्ली। रियल एस्टेट फर्म हीरो रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड ने एक आवासीय परियोजना के विकास के लिए गुरुग्राम में 90 करोड़ रुपये में एक भूखंड खरीदा है। संपत्ति सलाहकार फर्म कुशमैन एंड वेकफील्ड ने इस सौदे को संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई। हालांकि भूखंड बेचने वाली फर्म की जानकारी नहीं दी गई है। हीरो रियल्टी ने एक बयान में कहा कि गुरुग्राम के सेक्टर 85 में स्थित पांच एकड़ के इस भूखंड का सौदा 90 करोड़ रुपये में हुआ है। यहां पर एक आवासीय परियोजना विकसित की जाएगी। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी धर्मेश शाह ने कहा कि इस परियोजना के साथ ही हीरो रियल्टी ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में दस्तक दे दी है। कंपन लुधियाना, मोहाली और हरिद्वार में आवासीय परियोजनाएं विकसित कर चुकी है।

## लगातार तीसरे हफ्ते घटा देश का विदेशी मुद्रा भंडार

एजेंसी, मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 5.681 अरब डॉलर घटकर 561.267 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह जानकारी दी। विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट हुई है। इससे पिछले सप्ताह मुद्रा भंडार 8.319 अरब डॉलर घटकर 566.948 अरब डॉलर रह गया था। इससे पहले अक्टूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। वैश्विक घटनाक्रमों के बीच केंद्रीय बैंक के रुपए की विनियम दर में तेज गिरावट को रोकने के लिए मुद्रा भंडार का उपयोग करने की वजह से बाद में इसमें गिरावट आई। डॉलर में अभिव्यक्त किये की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसे गैर-अमेरिकी मुद्राओं में आई घटबढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि स्वर्ण भंडार में लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट जारी रही और स्वर्ण भंडार का मूल्य आलोच्य सप्ताह में 1.045 अरब डॉलर घटकर 41.817 अरब डॉलर रह गया। आंकड़ों के अनुसार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 8.7 करोड़ डॉलर घटकर 18.267 अरब डॉलर रह गया।

## भूकंप के तेज झटकों से फिर दहला तुर्किए, रिक्टर स्केल पर 5.5 रही तीव्रता

एजेंसी, इस्तांबुल। तुर्किये में शनिवार को एक बार फिर से भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंपीय केंद्र ने बताया कि मध्य तुर्किये क्षेत्र में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया है। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंपीय केंद्र के मुताबिक, भूकंप 10 किमी (6.21 मील) की गहराई पर था। बता दें कि तुर्किये और सीरिया में 6 फरवरी को आए विनाशकारी भूकंप से मरने वालों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। अब तक 50,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। तुर्किये में अकेले 44,000 से ज्यादा लोगों ने अपनी जान गंवाई है। डिजास्टर एंड इमरजेंसी मैनेजमेंट अथॉरिटी ने बताया था कि भूकंप के कारण तुर्किये में शुक्रवार रात तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 44,218 हो गई।

## जापान समेत अन्य जी-7 देशों ने रूस पर प्रतिबंध बढ़ाया

एजेंसी, टोक्यो। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और जी7 देशों में शामिल अन्य देशों के नेताओं ने रूस-यूक्रेन युद्ध के एक साल पूरा होने के पर आयोजित समूह के ऑनलाइन सम्मेलन के दौरान रूस पर अतिरिक्त पाबंदियां लगाने को मंजूरी दे दी। जापान के विदेश मंत्रालय के अनुसार जी7 ने एक बयान में कहा कि नेताओं ने यूक्रेन के लिए हमारे राजनयिक, वित्तीय और सैन्य समर्थन को गति देने, रूस और उसके युद्ध के प्रयासों का समर्थन करने वालों पर पाबंदियां बढ़ाने और दुनिया के बाकी हिस्सों विशेष रूप से सबसे कमजोर लोगों पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव का मुकाबला करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। जी7 में जापान के अलावा कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं। इस साल जी7 के अध्यक्ष के रूप में किशिदा ने यह घोषणा भी की कि जापान रूस पर अतिरिक्त प्रतिबंध लगाएगा, जिसमें करीब 120 व्यक्तियों और संगठनों की संपत्तियों को जब्त करना और सैन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किए जा सकने वाले ड्रोन व अन्य सामग्रियों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाना शामिल है।

# चीन की बड़ी कंपनी पेटीएम में बेच सकती है हिस्सेदारी




एजेंसी, नयी दिल्ली। पेटीएम में चीन की एक बड़ी फर्म अपनी कुछ हिस्सेदारी बेचने की तैयारी कर रही है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ये फर्म कुछ हिस्सेदारी बेचने के साथ ही बाकी शेयर्स को अभी होल्ड रखेगी। हालांकि चीन की ये दिग्गज कंपनी पेटीएम में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के बाद अब वन 97 कम्यूनिकेशन लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी को घटाने पर चर्चा कर रही है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में कहा गया है कि रेगुलेटरी और शेयरों के कीमत के हिसाब से एंट ग्रुप हिस्सेदारी घटाने का फैसला बदल भी सकता है या फिर इसमें संशोधन भी किया जा सकता है। पेटीएम ने इस पर कोई जानकारी देने से इनकार किया है, जबकि एंट ग्रुप ने भी मेल का तुरंत जवाब नहीं दिया है। एंट ग्रुप की पेटीमए में हिस्सेदारी बेचने की चर्चा ऐसे समय में हो रही है, जब अलीबाबा ग्रुप होल्डिंग लिमिटेड ने पेटीएम में हिस्सेदारी बेची है। रिपोर्ट बताती है कि एंट ग्रुप पॉलिटिकल नहीं, बल्कि टेध्क्निकल वजह से अपनी हिस्सेदारी बेचना चाहता है। दिसंबर में एंट ग्रुप की वन 97 कम्यूनिकेशन में 24.86 फीसदी हिस्सेदारी थी लेकिन बाद में और शेयर खरीदने के बाद इसके पास पेटीएम की 25 फीसदी से ज्यादा की हिस्सेदारी है। रिपोर्ट में कहा गया है एंट ग्रुप के पास हिस्सेदारी घटाने के लिए 90 दिन का समय है। बता दें कि दिसंबर के दौरान 8.5 अरब रुपए के बायबैक की घोषणा की थी। जहां एक तरफ एंट ग्रुप अपनी हिस्सेदारी घटाने पर विचार कर रहा है। वहीं दूसरी ओर इंडियन टेलीकम्युनिकेशन टाइकून सुनील मित्तल पेटीएम में हिस्सेदारी लेने के बारे में सोच रहे हैं। मित्तल एक स्टॉक डील के दौरान एयरटेल पेमेंट बैंक को पेटीएम पेमेंट बैंक में मर्ज करना चाहते हैं। इसके अलावा, मित्तल पेटीएम के शेयर अन्य होल्डरों से खरीदना चाहते हैं।

# ब्रिटिश विदेशमंत्री जेम्स ने कहा, 'बेहद महत्वपूर्ण समय द्वपर आई भारत की जी 20 अध्यक्षता

एजेंसी, लंदन। ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली ने कहा है कि भारत की जी-20 अध्यक्षता एक ऐसे '' बेहद महत्वपूर्ण समय पर आई है, जब दुनिया रूस-यूक्रेन युद्ध, वैश्विक खाद्य आपूर्ति में रूकावट और चीन की ''आक्रामक कार्रवाइयों जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि वह जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए अगले सप्ताह नयी दिल्ली की यात्रा करेंगे। गौरतलब है कि भारत ने पिछले साल एक दिसंबर को जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की थी। क्लेवरली ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा, ''भारत की ना केवल आर्थिक समृद्धि बल्कि कूटनीतिक प्रभाव में भी अविश्वसनीय रूप से वृद्धि हुई है। हम इससे बहुत खुश हैं। ब्रिटेन के भारत के साथ लंबे समय से चले आ रहे संबंधों पर हमें गर्व है। यूक्रेन-रूस युद्ध का एक साल पूरा होने पर शुक्रवार को क्लेवरली ने यहां ''यूक्रेन में शांति और सुरक्षा बनाए रखने पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की उच्च स्तरीय परिचर्चा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत की जी-20 अध्यक्षता एक ऐसे ''बेहद महत्वपूर्ण समय पर आई है, जब दुनिया यूक्रेन युद्ध समेत कई अन्य चुनौतियों का सामना कर रही है।

# पाकिस्तान में आर्थिक संकट के बीच सरकार ने बिल, वेतन भुगतान पर लगाई रोक

## पाकिस्तान की पहली ट्रांसजेंडर न्यूज एंकर पर हमला, फायरिंग में बाल बाल बचीं




एजेंसी, इस्लामाबाद। नकदी संकट का सामना कर रहे पाकिस्तान में सरकार ने महालेखाकार को वेतन समेत सभी बिलों की मंजूरी पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। शनिवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। समाचार पत्र द न्यूज इंटरनेशनल ने आधिकारिक सूत्रों के हवाले से बताया कि वित्त एवं राजस्व मंत्रालय ने भी पाकिस्तान राजस्व महालेखाकार (एजीपीआर) को केंद्रीय मंत्रालयों,खंडों और संबंधित विभागों के सभी बिलों की मंजूरी पर अगला आदेश आने तक रोक लगाने का निर्देश दे दिया है। समाचार पत्र के अनुसार, देश में आर्थिक संकट के कारण संचालन संबंधी कोष को जारी करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ सप्ताह पहले पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार 2.9 अरब डॉलर तक लुढ़क गया था। अब यह थोड़ा सुधरकर चार अरब डॉलर हो गया है। इस बीच पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से राहत पैकेज के 1.1 अरब डॉलर जारी होने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। समाचार पत्र की इस रिपोर्ट पर वित्त मंत्री इसहाक डार ने कहा कि यह खबर गलत भी हो सकती है। हालांकि उन्होंने खबर की पुष्टि होने पर सही तथ्य बताने का वादा किया। सूत्रों ने बताया कि वे अपने लंबित बिलों की मंजूरी के लिए एजीपीआर कार्यालय गए थे लेकिन उन्हें बताया गया कि मौजूदा आर्थिक संकट के कारण वित्त मंत्रालय ने उन्हें वेतन समेत अन्य सभी बिलों को मंजूरी नहीं देने का निर्देश दिया है। पाकिस्तान के लाहौर में गुरुवार को देश की पहली ट्रांसजेंडर न्यूज एंकर पर उसके आवास के बाहर फायरिंग का समाचार है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार मार्विया मलिक (26) एक फार्मेसी से लौट रही थी इस दौरान दो हमलावरों ने उनकी हत्या करने का प्रयास करते हुए उन पर गोली चलाई लेकिन वे बाल-बाल बच गईं। मलिक ने पुलिस को बताया कि उन्हें पाकिस्तान में ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए आवाज उठाने के लिए कुछ समय से धमकी भरे फोन आ रहे थे और हमले के पीछे उनकी सक्रियता का हवाला दिया। 2018 में, मलिक ने इस्लामिक रिपब्लिक में न्यूज एंकर बनने वाले पहले ट्रांसजेंडर व्यक्ति बनकर इतिहास रच दिया। उन्हें पाकिस्तान स्थित कोहेनूर न्यूज द्वारा नियोजित किया गया था, लेकिन कई साक्षात्कारों में उन्होंने खुलासा किया कि यह उपलब्धि हासिल करने के लिए आसान रास्ता नहीं था। बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। मार्विया मलिक ने एक टेलीफोनिक साक्षात्कार में अमेरिकी प्रसारक वॉयस ऑफअमेरिका से कहा कि अन्य ट्रांस लोगों की तरह, मुझे अपने परिवार से कोई समर्थन नहीं मिला। अपने दम पर, मैंने कुछ छोटे-मोटे काम किए और अपनी पढ़ाई जारी रखी।

## चैटजीपीटी क्रांतिकारी, लेकिन कार्यस्थल पर उपयोग संबंधी नियम पर विचार जरूरी : प्रमोद भसीन

एजेंसी, नयी दिल्ली। इक्रियर के चेयरपर्सन और जेनपेक्ट के संस्थापक प्रमोद भसीन ने चैटजीपीटी को क्रांतिकारी और बहुत लाभकारी बताया है। हालांकि, उनका कहना है कि कंपनियों और संस्थानों को कार्यस्थल पर कर्मियों द्वारा इसके उपयोग को लेकर जल्द से जल्द नियम और नीतियां बनाने होंगे। प्रौद्योगिकी उद्योग के दिग्गज का यह बयान ऐसे समय में आया है जब एआई चैटबोट उपकरण दुनियाभर में लोकप्रिय हो गया है। इसे सैन फ्रांसिस्को की कृत्रिम मेधा (एआई) कंपनी ओपनएआई ने तैयार किया है। इसे सवालों के विस्तृत जवाब देने, उपयोगकर्ताओं के संकेतों का जवाब देने और ऑनलाइन सूचना के आधार पर (2021 तक की)यहां तक कि शोध पत्र सार का मसौदा तैयार कर सकता है।

## नवाजुद्दीन पर रेप का आरोप लगाने पर बोलीं आलिया




बॉलीवुड

जहां एक ओर इन दिनों अपनी प्रोफेशनल लाइफ में लगातार कामियाबी की सीढ़ी चढ़ने वाले नवाजुद्दीन सिद्दीकी सफलताओ के हर एक मुकाम को पार करते नजर आ रहे हैं वही दूसरी और नवाज की परसनल लाइफ में उनके हाल कुछ ठीक नहीं चल रहे हैं। नवाज को लगातार उनकी वाइफ आलिया संग बिगड़ते रिश्तो को लेकर ट्रोल होते देखा जा रहा हैं। आलिया लगातार पति नवाजुद्दीन पर गंभीर आरोप लगा रही हैं। हाल, ही में उन्होंने एक्टर पर रेप चार्ज लगाते हुए शिकायत तक दर्ज कराई थी। वहीं आलिया ने अपने पति नवाजुद्दीन सिद्दीकी के खिलाफ रेप जैसा संगीन आरोप को लेकर मामला दर्ज कराने के बाद अपने पहले इंटरव्यू में इस बात को क्लियर किया कि आखिर उन्होंने अपने पति पर ये आरोप क्यों लगाया। और इतना ही नहीं बल्कि इसके साथ ही उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी कई शॉकिंग खुलासे किए....! मीडिया को दिए हुए एक इंटरव्यू के दौरान आलिया से जब पूछा गया था कि वे नवाज के साथ अपने संबंधों को रेप क्यों करार कर रही हैं? इस बात पर उन्होंने जवाब देते हुए कहा था कि, नवाज का कहना है कि हम लिव-इन में थे, जबकि हम नहीं थे। हम पति-पत्नी थे, पिछले 3 महीने तक रिलेशनशिप में रहे हैं।इसी के साथ आलिया ने आगे कहा कि लेकिन हमने अपनी शादी को एक और मौका देने का फैसला किया। नवाज को लगा कि हमें अपने बच्चों की खातिर फिर से अपने रिश्ते को एक और मौका देते हुए साथ आना चाहिए।अपने इस इंटरव्यू के दौरान बात को आगे बताते हुए आलिया ने कुछ ऐसा भी बताया कि जिसे सुनकर सबके होश उड़ जायेंगे। आलिया ने कहा नवाज ने कोर्ट में तलाक के लिए कुछ कागजात जमा कराये थे। लॉ उन पेपर्स पर किए गए साइन के बारे में फैसला करेगा। वहीं आलिया ने ये भी कहा कि उन्होंने तलाक के लिए अर्जी नहीं दी है लेकिन उन्होंने नवाज को कानूनी नोटिस जरूर भेजा था। साथ ही आलिया ने ये भी कहा कि नवाज की मां ने उनके बेटे को नाजायज औलाद बताया साथ ही उसके होने पर शक भी जताया, उन्होंने कहा कि वे इस बात से बहुत हैरान और परेशान हुई हैं। आलिया ने आगे कहा कि वह नवाज को आज तक कभी समझ ही नहीं पाई क्योंकि वह जैसे दिखते हैं वैसे हैं ही नहीं। वहीं आलिया ने ये भी बताया कि उनकी नवाज से आखिरी बार बातचीत तब हुई थी जब वे अपनी बेटी के दुबई में रहने के बारे में बात करने के सिलसिले में उनसे मिलने गई थीं। और उस समय भी एक्टर ने उनसे काफी बुरे तरीके से बात की थी और अपने मैनेजर को उसकी देखभाल करने के लिए कहा था।

# उर्वशी रौतेला के बर्थडे पोस्ट पर नसीम शाह का नाम लेकर एक्ट्रेस को छेड़ने लगे यूजर्स



बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला सातवे आसमान पर हैं। ऐसे में उन्होंने अपना एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया और साथ ही अपनी बर्थडे विश का भी जिक्र किया। लेकिन इसी बीच लोगों को पाकिस्तानी क्रिकेटर नसीम शाह की याद आ गई। अब हर कोई उनके कमेंट सेक्शन में नसीम शाह का नाम लेकर एक्ट्रेस को छेड़ता नजर आ रहा है। दरअसल, इन दिनों उर्वशी का नाम नसीम शाह के साथ जोड़ा जा रहा है। जब एक्ट्रेस ने नसीम शाह को बर्थडे पर विश किया था तब से उनके अफेयर की खबरें सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रही हैं। वहीं, जब उर्वशी रौतेला का बर्थडे आया है तो यूजर्स को पाक क्रिकेटर के एक्ट्रेस को विश करने का इंतजार हो रहा है। आपको बता दें, उर्वशी ने खुद को बर्थ डे विश देते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। लेकिन यहां भी फैंस ने उनके मजे लेने शुरू कर दिए। दरअसल, एक्ट्रेस ने अपने जन्मदिन के मौके पर खुद को खास अंदाज में विश किया है। एक्ट्रेस ने बंजी जंपिंग करते हुए अपना एक वीडियो पोस्ट किया ।इस वीडियो के कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा, मेरी बर्थ डे विश क्या होनी चाहिए दूसरे बर्थ डे से अच्छा और कोई बर्थ डे गिफ्ट नहीं होता। आज के दिन, मैं अपनी जिंदगी को सेलिब्रेट करती हूं और जो भी इसके साथ आता है वो सब भी। मैं अपने परिवार, दोस्त और मेरे सभी चाहने वालों की शुक्रगुजार हूं। अब उर्वशी के ये पोस्ट वायरल हो रहा है और कमेंट सेक्शन में फैंस नसीम शाह की बी आते कर रहे हैं। एक ने लिखा, मेरा विश्वास करो नसीम ने प्राइवेट में विश किया होगा। तो एक ने लिखा, नसीम शाह का पहले से ही मूड बहुत खराब है आज, वो नहीं करेगा विश। तो एक शख्स बोला, नसीम शाह को राइड करने की प्रैक्टिस कर रही है। वहीं, एक यूजर ने एक्ट्रेस को ट्रोल करते हुए लिखा, श्पापा की परी को आज सच में उड़ता देख लिया।





इन दिनों उर्वशी का नाम नसीम शाह के साथ जोड़ा जा रहा है। जब एक्ट्रेस ने नसीम शाह को बर्थडे पर विश किया था तब से उनके अफेयर की खबरें सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रही हैं। वहीं, जब उर्वशी रौतेला का बर्थडे आया है तो यूजर्स को पाक क्रिकेटर के एक्ट्रेस को विश करने का इंतजार हो रहा है। आपको बता दें, उर्वशी ने खुद को बर्थ डे विश देते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। लेकिन यहां भी फैंस ने उनके मजे लेने शुरू कर दिए। दरअसल, एक्ट्रेस ने अपने जन्मदिन के मौके पर खुद को खास अंदाज में विश किया है। एक्ट्रेस ने बंजी जंपिंग करते हुए अपना एक वीडियो पोस्ट किया । इस वीडियो के कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा, मेरी बर्थ डे विश क्या होनी चाहिए दूसरे बर्थ डे से अच्छा और कोई बर्थ डे गिफ्ट नहीं होता। आज के दिन, मैं अपनी जिंदगी को सेलिब्रेट करती हूं और जो भी इसके साथ आता है वो सब भी। मैं अपने परिवार, दोस्त और मेरे सभी चाहने वालों की शुक्रगुजार हूं।

# बिग बॉस से निकलते ही इस हसीना को डेट कर रहे हैं गौतम विग, सौंदर्या शर्मा संग रिश्ते पर तोड़ी चुप्पी



टीवी के मोस्ट कॉन्ट्रोवर्शियल शो बिग बॉस 16 खत्म हो चुका है लेकिन शो में नजर आए कंटेस्टेंट्स से जुड़ी कोई ना कोई खबर सामने आ रही है। बिग बॉस के हर सीजन में सेलेब्स का रोमांस देखने को मिलता ही है। इस बार बिग बॉस के घर में एक्ट्रेस सौंदर्या शर्मा और टीवी एक्टर गौतम विग के बीच भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला। सौंदर्या शर्मा और गौतम विग के बीच बिग बॉस हाउस में रोमांस लेकर आरोप सब कुछ देखने को मिला। इन दोनों की लव स्टोरी ने गौतम के एविक्ट होने के बाद बड़ा मोड़ आया। गौतम के घर से निकलते ही सौंदर्या के सामने कई ऐसी बातें आई जो गौतम ने उनके पीठ के पीछे बोली थी। सौंदर्या और गौतम के रिश्ते में काफी दूरियां आ गई थीं। मगर अब लग रहा है कि दोनों के बीच सबकुछ ठीक हो गया है। बता दें कि सौंदर्या के घर के बाहर आने के बाद उनसे हर कोई यही सवाल कर रहा था कि उनकी और गौतम की बात हुई या नहीं। इस पर एक्ट्रेस ने जवाब देते हुए बताया था कि उनकी बात हो गई। लेकिन उन इस बारे में एक्ट्रेस ने ज्यादा कुछ नहीं कहा था। हालांकि अब अपने और सौंदर्या के रिश्ते पर गौतम ने खुलकर बात की। हाल ही में दिए मीडिया इंटरव्यू के दौरान गौतम विग ने बताया कि सौंदर्या और उन्होंने अपने बीच हुई सारी मिसअंडरस्टैंडिंग्स को दूर कर लिया है। एक्टर ने कहा, घर में लोग उसे कई चीजें बता रहे थे, जिस पर वो रिएक्ट कर रही थी और मुझे लगता है कि वो अपने हिसाब से सही भी थी। अगर मैं उसकी जगह होता तो ऐसा ही रिएक्ट करता। जब वह बाहर आई तो मैंने उसे कॉल की और हमने बात की। अब हमने सभी मदभेदों को दूर कर लिया है। बिग बॉस फेम सौंदर्या संग अपने रिश्ते को एक और मौका देने के बारे में गौतम ने कहा, हम सब फ्लो के साथ आगे बढ़ रहे हैं। देखते हैं कि चीजें कैसे चलती हैं। हम जल्दबाजी में नहीं हैं, क्योंकि हम दोनों ही अपने-अपने काम पर फोकस कर रह हैं। वो सब तो बहुत दूर की बात है, देखते हैं कि आगे क्या होगा।उन्होंने आगे कहा, हमने अपने बीच ज्यादातर चीजों को ठीक कर लिया हैं। हमारे बीच अब कोई शिकायत या शिकवा नहीं है। हम एक-दूसरे का सम्मान करते हैं और इसलिए हम एक-दूसरे के खिलाफ नहीं बोलते, क्योंकि हम दोनों मैच्योर हैं। हम रोजाना बात करते हैं बाकि टाइम के साथ देखेंगे चीजें कैसे बदलती हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो बिग बॉस 16 के बाद गौतम विग कलर्स के शो जुनूनियत में नजर आ रहे हैं। इस शो में गौतम के अलावा उड़ारिया फेम अंकित गुप्ता भी अहम रोल में नजर आ रहे हैं। गौतम और अंकित के अलावा शो में एक्ट्रेस नेहा राणा लीड रोल में है। ये शो रात साढ़े 8 बजे सोमवार से शुक्रवार कलर्स टीवी पर प्रसारित होगा।

बॉलीवुड

## जल्द ही बॉलीवुड में शानदार डेब्यू करने जा रही है शहनाज गिल एक्ट्रेस के हाथ लगा एक बड़ा प्रोजेक्ट

अब शहनाज गिल की किस्मत एक बार फिर चमकने जा रही है, बता दे पंजाब की फेमस एक्ट्रेस और सिंगर शहनाज को बिग बॉस 13 में काफी पसंद किया गया था जिसके बाद पूरे देश में उन्हे खूब पसंद किया गया। शो में उनके गेम के अलावा दिवंगत एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला के साथ उनकी केमिस्ट्री को काफी ज्यादा पसंद किया गया था बता दें कि शहनाज अब बहुत जल्द सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई, किसी की जान' में नजर आने वाली हैं। एक बार फिर शहनाज के हाथ बड़ा प्रोजेक्ट लगा है इस प्रोजेक्ट में शहनाज को बड़े पर्दे पर पॉपुलर स्टार नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ रोमांस करते हुए देखा जाएगा, दरअसल सोशल मीडिया पर एक ट्वीट वायरल हो रहा है जिसमे ऐसा दवा किया जा रहा कि हनाज गिल एक म्यूजिक वीडियो में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ रोमांस करती नजर आने वाली है।खैर अभी तक शहनाज, बी प्राक या फिर नवाजुद्दीन ने इस खबर की पुष्टि नहीं की है, लेकिन अगर ये सच है तो ये आने वाला सांग खूब चर्चा बटोरने वाला है,जिसके लिए शहनाज और नवाजुद्दीन के फैंस काफी एक्साइटेड हैं।



# केजीएफ 2 के बाद भी अब तक यश ने नहीं की हैं अपनी नेक्स्ट फिल्म साइन, करीबी सूत्रों से मिली जानकारी

कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री मशहूर अभिनेता यश ने फिल्म केजीएफ के बाद से पैन इंडिया पर तो मानो एक पहचान ही हासिल कर ली है फिल्म केजीएफ से एक्टर के चाहने वालों की लिस्ट में गजब की बढ़ोतरी देखने को मिली। प्रशांत नील के निर्देशन में बनी फिल्म केजीएफ ने दुनियाभर में अपने कमाल अभिनय प्रदर्शन के दम से दर्शकों का दिल जीत लिया। बात करे अभिनेता द्वारा की गयी फिल्म केजीएफ 2 की तो इस फिल्म ने पर्दे पर काफी अच्छी और ब्लॉकबस्टर कमाई की थी। जिसके बाद से ही एक्टर यश की फैन फॉलोइंग इस कदर बढ़ गयी थी। लेकिन अब फैंस को इसकी अगली पेशकश यानी केजीएफ 4 का इंतजार हैं। तो आपको बता दे की इस फिल्म के अगले सेकुएल में भी एक्टर यश ही आपको अपने एक्शन से एंटरटेन करते नजर आएंगे। आपको बता दें, यश के फैंस लगातार उनसे सवाल कर रहे हैं कि वो फिलहाल किस फिल्म पर काम कर रहे हैं और इस सवाल पर एक्टर हंस कर किनारा कर लेते हैं। सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाले यश अपनी फैमिली के साथ भी तमाम फोटो वीडियो शेयर कर सुर्खियों में बने रहते हैं और फैंस संग खुद को जोड़े रखते हैं भारत के लोकप्रिय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने हाल ही में अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक खास कैप्शन के साथ एक्टर यश संग एक फोटो शेयर की है। जिसमे क्रिकटर ने कैप्शन में लिखा है, सलाम रॉकी भाई मिली हुई रिपोर्ट के अनुसार, दिनेश कार्तिक की एक शादी के दौरान ही कन्नड़ सिनेमा के सुपरस्टार यश से मुलाकात हुई थी और दोनों में देखते ही देखते फौरन अच्छी दोस्ती भी हो गई। जहां एक ओर फोटो में हम देख सकते हैं कि यश काले और लाल रंग के एथनिक सूट में काफी डैशिंग लग रहे हैं उसके साथ उन्होंने काले जूतों और एक ऊंची पोनीटेल से अपने लुक को कम्प्लीट किया हुआ हैं। वहीं दिनेश कार्तिक ने नेवी ब्लू कढ़ाई वाली जैकेट और मैचिंग कुर्ता पहन



रखा था। बात करे अभिनेता द्वारा की गयी फिल्म केजीएफ2 की तो इस फिल्म ने पर्दे पर काफी अच्छी और ब्लॉकबस्टर कमाई की थी। जिसके बाद से ही एक्टर यश की फैन फॉलोइंग इस कदर बढ़ गयी थी। लेकिन अब फैंस को इसकी अगली पेशकश यानी केजीएफ 4 का इंतजार हैं।

हिन्दी दैनिक/डिजिटल स्टार एक्सप्रेस सोच... बदलते भारत की
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक नरेन्द्र कुमार द्वारा सांई ऑफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन, कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं एमजी–18, सेक्टर–सी, अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक: नरेन्द्र कुमार । (पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा) R.N.I. No.- UPHIN/2008/24076 Email Id : starexpressnews@gmail.com

CMYK